हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार 17 जून 2024

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | रतनपुर | पथरिया ]

तापमान

अधिकतम 30.8 डिग्री

न्यूनतम 24.8 डिग्री



रेत के अवैध परिवहन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही वाहनों को भी जब्त किया जा रहा है।

# आत्मानंद स्कूलों में 10 करोड़ रुपए की खरीदी पर एजी आफिस की नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला खनिज न्यास के तहत आबंटित करीब 40 करोड़ रुपए के काम जांच के दायरे में हैं। इसमें खासतौर पर आत्मानंद स्कूलों में इस राशि से की गई 10 करोड़ रुपए की खरीदी पर नजर है। महालेखाकार की ओर से इसकी पूरी आडिट भी कराई गई है। इसके लिए तीन सदस्यीय टीम बनाई गई थी, जिसमें सीनियर ऑडिट आफिसर अदाबला ईश्वर राव, असिस्टेंट ऑडिट ऑफिसर मीनाक्षी बाजपेयी और असिस्टेंट आडिट आफिसर रवि शंकर शामिल हैं। जिला स्तर पर संयुक्त कलेक्टर और डीएमएफ प्रभारी ने शिक्षा विभाग को पत्र लिखते हुए जानकारी मंगाई और रिपोर्ट दी है। इसके साथ ही डीएमएफ के तहत जो भी निर्माण कार्य जिले में कराए जा रहे हैं, उनकी रिपोर्ट तैयार की जा रही है। जिला प्रशासन की टीम भी मौके पर जाकर जांच भी करेगी। ध्यान रहे कि इस साल जिले में 95 करोड़ रुपए की राशि डीएमएफ के तहत कार्यों के लिए स्वीकृत की गई है।

### तीन सदस्यीय टीम ने की जांच और आडिट

- रिपोर्ट के आधार पर जिला प्रशासन की टीम मौके पर जाकर जांच भी करेगी
- इस साल जिले में 95 करोड़ रुपए की राशि डीएमएफ के तहत कार्यों के लिए स्वीकृत

जिले में खनन प्रभावित क्षेत्र 139 ग्राम पंचायतें आती हैं। इन क्षेत्रों के लोगों को राहत दिलाने एवं विकास कार्यों के लिए डीएमएफ की राशि होती है। इसमें इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, कृषि, सड़क निर्माण जैसे मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराई जाती है। यह भी ध्यान रहे कि जिला खनिज संस्थान न्यास को सालाना रायल्टी का 30 प्रतिशत हिस्सा जमा होता है। इस जिले के न्यास को मिलने वाली अधिकांश रायल्टी कोरबा एवं कोरिया जिले से मिलती है। तत्कालीन भाजपा की सरकार ने न्यास की राशि को प्रभावित खनन क्षेत्र के इलाके के अलावा इस राशि को पूरे जिले में खर्च कर सके इसके लिए बिलासपुर जिला को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित जिले की श्रेणी में शामिल कर लिया था।

### आत्मानंद स्कूलों में हुई सप्लाई पर खास नजर

आत्मानंद स्कूलों में अधिकांश काम डीएमएफ मद से हुए हैं। एजी आफिस की टीम खास तौर पर इनकी जांच कर रही है। इसमें स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों में सामग्री एवं उपकरण आपूर्ति, फर्नीचर, कंप्यूटर सेट एवं लैब प्रयोगशाला सामग्री, रीएजेंट, बाटल, स्टील स्टैंड, पुस्तकें, क्रीड़ा सामग्री, सीसीटीवी कैमरा आदि के बारे में जानकारी ली जा रही है। साथ ही सेजस डॉ बीआर अंबेडकर, लाल बहादुर शास्त्री स्कूल एवं तिलक नगर में स्थापना, वेतन में भत्ते का आडिट भी हो रहा है। सेजस तारबाहर, लाला लाजपत राय, लाल बहादुर शास्त्री एवं तिलक नगर में नर्सरी कक्षा के संचालन के लिए सामग्री आपूर्ति एवं वेतन भत्ते की भी जांच की गई है।

### ब्लेजर, ट्रैक सूट और टी-शर्ट खरीदी की जांच

स्वामी आत्मानंद स्कूल के बच्चों के लिए ब्लेजर, ट्रैक सूट और टी-शर्ट खरीदने में करीब 4 करोड़ रुपए की गड़बड़ी की शिकायत की भी जांच हो रही है। इसके साथ ही स्वामी आत्मानंद स्कूलों में शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बिना कोटेशन, बिना टेंडर 2 करोड़ रुपए के सामान खरीद लिए। इसके लिए जिला खनिज न्यास की राशि का उपयोग किया गया। स्वामी आत्मानंद स्कूलों में करीब चार करोड़ रुपए के फर्नीचर सप्लाई में गड़बड़ी की बात सामने आई थी। इन स्कूलों में फर्नीचर, कुर्सी, आलमारी के अलावा अन्य सामग्री खरीदी गई थी। इसमें शहर के लाजपत राय स्कूल, शेख गफ्फार, मंगला स्कूल, और बाद में कोटा, चकरभाठा, तखतपुर और मस्तूरी में भी यही फर्नीचर दिया गया था।

### 57 कामों के लिए 22 करोड़ रुपए

डीएमएफ की राशि को देखें तो स्वास्थ्य विभाग, पशु चिकित्सा और पीडब्ल्यूडी को भी अधिक राशि बांटी गई है। यहां कुल 57 से अधिक कामों के लिए 22 करोड़ रुपए की राशि जारी गई है। इसमें संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवाओं को 2 कामों के लिए सवा करोड़, स्वास्थ्य विभाग को 2 कामों के लिए 10 करोड़ रुपए दिया गया है। इसके अलावा पीडब्ल्यूडी को 50 से अधिक कामों के लिए 10 करोड़ रुपए दिए गए हैं। यहां यह ध्यान देना होगा कि पीडब्ल्यूडी निर्माण एजेंसी है। किसी भी काम के लिए अलग से टेंडर और फंड होता है। इसके बाद भी खनिज न्यास की राशि दी गई। इसके साथ ही खनिज न्यास की राशि से कामों के लिए जनपदों को भी निर्माण एजेंसी बनाते हुए राशि आबंटित की गई है।

### जनपदों को भी करोड़ों दिए गए, उसकी भी जांच

जनपदों को जनपद पंचायत बिल्हा को 4 करोड़ तो कोटा जनपद को 8 करोड़ की राशि विभिन्न कार्यों के लिए दी गई। इसी तरह मस्तूरी जनपद को 9 करोड़ तो तखतपुर को 8 करोड़ रुपए खनिज न्यास से दिए गए। आदिवासी विकास विभाग को भी 12 करोड़ रुपए की भारी भरकम राशि डीएमएफ से दी गई है। उपसंचालक कृषि को 4 करोड़, जिला शिक्षा अधिकारी को पौने 4 करोड़, उप संचालक उद्यान को साढ़े तीन करोड़ दिए गए हैं। गेट उपसंभाग सकरी को भी पौने पांच करोड़ की राशि दी गई है। इन सभी कामों की जांच के साथ आडिट की जा रही है।

### भौतिक सत्यापन भी कराया जाएगा

डीएमएफ के तहत जो भी निर्माण कार्य जिले में कराए गए हैं उनका आडिट महालेखाकार की ओर से आई टीम ने किया है। इसकी फाइनल रिपोर्ट अभी नहीं मिली है। जिला स्तर पर भी इसकी जांच की जा रही है। कार्यों का भौतिक सत्यापन भी किया जाएगा।

**- आरपी चौहान,** सीईओ जिला पंचायत और डीएमएफ प्रभारी

## खबर संक्षेप

### नए सिरगिट्टी टीआई चौधरी ने लिया चार्ज

**बिलासपुर।** नए सिरगिट्टी टीआई विजय कुमार चौधरी ने रविवार को चार्ज ले लिया है। दो दिन पहले उनका कोतवाली थाना से सिरगिट्टी व सिरगिट्टी टीआई भारती मरकाम का महिला थाना तबादला किया गया था। टीआई श्री चौधरी ने थाने के स्टाफ के बैठक लेकर मुस्तैदी से काम करने का आदेश दिया है।

### 3 साल बाद भी शुरू नहीं हुई विद्युत शवदाह मशीन



**बिलासपुर।** शहर के दो मुक्तिधाम में तीन साल पहले 98 लाख रूपए खर्च कर विद्युत शवदाह गृह मशीन लगाई गई थी। लेकिन इसमें आज तक एक भी शव का दाह संस्कार नहीं हो पाया है। कोरोना काल के दौरान शहर के तीन मुक्तिधाम मधुबन,भारतीय नगर और सरकंडा मुक्तिधाम में विद्युत शवदाह गृह मशीन का प्रस्ताव बनाया। तीन साल पहले सरकंडा के साथ दयालबंद के मधुबन मुक्तिधाम में मशीन लगाई गई। लेकिन आज तक इन मशीनों में एक भी शव का दहासंस्कार नहीं हो पाया।

### बीच सड़क पर लगा रहा बाजार, जाम की समस्या



**बिलासपुर।** बृहस्पति बाजार के विस्थापन की प्रक्रिया चल रही है लेकिन इसके बाजवूद सड़कों पर बाजार लगाया जा रहा है, शनिवार को भी सड़क पर ही बाजार लगाया गया, जिसके चलते घंटों जाम की स्थिति बनी रही। प्रशासन की ओर से व्यापारियों से सड़क को छोड़कर बाजार लगाने की अपील की गई थी, लेकिन इस बात का असर व्यापारियों पर नहीं पड़ रहा है।

### महीनों से नहीं उठ रहा कचरा, कर्मचारी नदारद



**बिलासपुर।** नगर निगम का सफाई अमला लापरवाही बरत रहा है, मसानगंज, सिविल लाइन, सरजू बगीचा में इन दिनों सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो चुकी है। पार्षद को जानकारी देने के बाद भी सफाई के लिए नगर निगम के कर्मचारी नहीं पहुंच रहे हैं। नालियों में सफाई नहीं होने के कारण मच्छर और मक्खी का प्रकोप भी क्षेत्र में है। अधिकारियों की उदासीनता के चलते पूरे मोहल्लेवासी हलाकान हैं।

### बिल्ली से वार्ड के मरीज परेशान



**बिलासपुर।** सिम्स में इन दिनों एक बिल्ली से मरीज परेशान हैं। सिम्स के वार्ड में घूमती इस बिल्ली के चलते मरीज और नर्सों को तकलीफ का सामना करना पड़ रहा है। वहीं मरीजों के खाद्य सामाग्रियों को भी चट कर रही है। कई बार गार्डों के द्वारा बिल्ली को भगाने का प्रयास किया गया है, लेकिन हर बार वार्ड में बिल्ली वापस आ रही है।

## मानसून के करीब आने से भीगा शहर, रूक-रूककर होती रही बारिश

# दिनभर बादल, 13 मिमी बारिश, घटा तापमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मानसून करीब आने के साथ ही अब मौसम भी सुहाना हो गया है। रविवार को दिन भर आसमान में बादल छाए रहे, वहीं रुक रुककर बारिश होती रही। 24 घंटे के भीतर 13 मिमी बारिश भी दर्ज की गई। इसके साथ ही तापमान 30.8 डिग्री था, जो सामान्य से 7.5 डिग्री नीचे है। इसके साथ ही न्यूनतम तापमान 24 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2.1 डिग्री नीचे था। रात के साथ ही सोमवार की सुबह भी बारिश होती रही। इसके साथ ही शहरवासियों को गर्मी से राहत मिली। मौसम के आंकड़ों पर गौर करें तो जून का पहला पखवाड़ा काफी गर्म रहा। इस बीच दो बार तेज बारिश भी हुई। 8 जून को 32 मिलीमीटर पानी गिरा, जिससे शहर लबालब हो गया था और नालियां उफान पर थीं। निचले इलाकों में घुटनों तक पानी भर गया। वहीं 12 जून को 16 मिलीमीटर बरसात हुई। इसके बाद अब 13 मिमी बारिश दर्ज हुई है। मौसम विभाग की माने तो ये प्री-मानसून एक्टिविटी के चलते हो रही है। विभाग की माने तो अभी कुछ दिन बाद गर्मी का दौर भी लौटने वाला है।

### प्रदेश के प्रमुख जिलों में तापमान व बारिश

| | |
|---|---|
| रायपुर | 38.3 |
| बिलासपुर | 30.8 डिग्री |
| पेण्ड्रारोड | 40.2 डिग्री |
| अम्बिकापुर | 32.6 डिग्री |
| जगदलुपर | 35.2 डिग्री |
| दुर्ग | 38.8 डिग्री |
| राजनांदगांव | 39 डिग्री |

### शहर की सड़कों पर फैला कीचड़

बारिश के पहले शहर की सड़कों की मरम्मत नहीं हो पाई है। कई सड़कों में बड़े-बड़े गड्ढे भी हो गए हैं। इसके साथ ही सीवरेज और उसके बाद अमृत मिशन के पाईप की वॉल जोड़ने के नाम पर भी सड़कों की खुदाई हुई है। अब बारिश के साथ ही इन सड़कों में पानी का भराव होने के साथ ही कीचड़ फैलने लगा है।

### वर्षा की गतिविधियों में होगी वृद्धि

मौसम विशेषज्ञ डॉ.एचपी चंद्रा के अनुसार एक पूर्व पश्चिम द्रोणीका बिहार से मेघालय तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तरित है। प्रदेश में 17 जून को 25 से 50 प्रतिशत स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थान पर वज्रपात भी हो सकता है। अधिकतम तापमान में गिरावट होने की संभावना है। इसके साथ ही 17 जून से प्रदेश में वर्षा की गतिविधि में वृद्धि होने की संभावना है। 18 जून से दक्षिण छत्तीसगढ़ के कुछ और भाग में मानसून सक्रिय होने की संभावना है।

### खेती किसानी का काम शुरू

प्री-मानसून के साथ ही अब खेती-किसानी के काम में भी तेजी आने लगी है। किसान अब बारिश के साथ ही खेतों की ओर रूख करने लगे हैं। इन दिनों खेतों में जोताई के साथ ही थरहा लगाने की तैयारी की जा रही है। बड़ी संख्या में किसान बीच लेने सोसायटी पहुंच रहे हैं।



## सिम्स के प्रसूता वार्ड में भरा पानी

शनिवार की रात से हो रही बारिश ने सिम्स में ड्रेनेज व्यवस्था की पोल खोल दी, इस दौरान प्रथम तल के नए प्रसूता वार्ड में पानी भर गया। वहीं कई वार्डों में सीपेज के कारण दिक्कतें होने लगीं। सुबह 5 बजे से सफाई कर्मचारियों ने मोर्चा संभाला और सुबह 9 बजे तक स्थिति नार्मल हो सकी। यही हाल रहा तो आने वाले दिनों में बारिश के चलते सिम्स में एक बार फिर अव्यवस्था फैल सकती है।

हाईकोर्ट की फटकार के बाद सिम्स के ड्रेनेज व्यवस्था को दुरुस्त करने दावा सिम्स प्रबंधन करता रहा है, लेकिन शनिवार को हुई बारिश के बाद एक बार फिर सिम्स के कई वार्ड में पानी भरने की नौबत आई। रात में बारिश के कारण प्रसूता वार्ड और आपरेशन थिएटर में पानी भर गया, इस दौरान पानी से होकर ही वार्ड में गुजरना पड़ा, वहीं इसके साथ ही अन्य वार्ड में भी सीपेज की परेशानी भी बढ़ गई। पाइप लाइन डेमेज होने के कारण कुछ जगहों पर बारिश का पानी फ्लोर में ही भर गया। हाल यह है कि करोड़ों रूपए खर्च करने के बाद भी मरीजों को सुविधा देने में सिम्स प्रबंधन नाकाम साबित हो रहा है।

### जिला अस्पताल बन गया रिफर सेंटर

मटियारी निवासी लाघोराम टाइगर को पिछले कई दिनों से पेट की बीमारी है, रविवार को तकलीफ बढ़ने पर वे जिला अस्पताल भेजा गया, लेकिन यहां डाक्टर सीआर भगत ने उन्हें भर्ती करने के बजाए सीधे सिम्स जाने की सलाह दे दी, जिसके बाद मरीज और परिजन अस्पताल के गेट पर ही बैठ गए। डाक्टर ने उन्हें सीटी स्कैन और अन्य जांच के लिए सिम्स में भर्ती होने के कह दिया लेकिन डाक्टर ने मरीज के निवेदन के बावजूद रिफर पर्ची नहीं बनाई।



## केंद्रीय मंत्री तोखन आज आएंगे शहर, होगा स्वागत

**बिलासपुर।** केन्द्रीय मंत्री तोखन साहू सोमवार 17 जून को शहर पहुंचेंगे। केंद्रीय मंत्री बनने के बाद पहली बार शहर आ रहे श्री साहू का जगह-जगह भव्य स्वागत किया जाएगा।

केंद्रीय शहरी विकास एवं आवास मंत्री तोखन साहू अपने लोकसभा क्षेत्र बिलासपुर में प्रथम आगमन कर रहे हैं। वे रायपुर से इंटरसिटी ट्रेन से दोपहर 2 बजे बिलासपुर पहुंचेंगे। इस दौरान रेलवे परिक्षेत्र स्थित तितली चौक पर दुर्गा पंडाल के पास जिला साहू समाज व अग्रसेन चौक पर छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन स्वागत करेगा। नगर विधायक अमर अग्रवाल अपने निवास पर उनका स्वागत करेंगे। शाम 7 बजे श्री साहू भाजपा कार्यालय में कोर ग्रुप की बैठक में शामिल होंगे। इसके पूर्व रायपुर में रविवार को भारतीय जनता पार्टी ने विधायक दल एवं सांसदों की बैठक में बिलासपुर के लोकसभा सांसद एवं केंद्रीय शहरीय विकास एवं आवास मंत्री तोखन साहू का सम्मान किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के चुनाव प्रभारी एवं बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री नितिन नवीन, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, प्रदेश संगठन मंत्री पवन साय सहित पार्टी के नेता उपस्थित रहे।

**चेंबर करेगा स्वागत :** संभागीय चेंबर ऑफ कॉमर्स केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू का सीएमडी चौक पर स्वागत करेगा। चेंबर के राम अवतार अग्रवाल व बनी गुप्ता ने सभी सदस्यों से मौजूद रहने की अपील की है।

**बलौदा बाजार आगजनी**

## कांग्रेस का सभी जिलों में आंदोलन कल



- जीपीएम जिले के प्रभारी बनाए गए पूर्व विधायक शैलेश पांडे

**बिलासपुर।** बलौदा बाजार में हुई हिंसा और आगजनी को लेकर कांग्रेस कमेटी सरकार की लचर कानून व्यवस्था के खिलाफ 18 जून को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालय में एक दिवसीय धरना आंदोलन करेगी। इसके लिए सभी जिला मुख्यालय में वरिष्ठ कांग्रेस जनों को धरना आंदोलन को सफल बनाने प्रभारी बनाया गया है। इसमें पूर्व विधायक शैलेश पांडे को गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले का प्रभारी बनाया गया है। वहीं बिलासपुर जिले के प्रभारी पूर्व मंत्री जय सिंह अग्रवाल बनाए गए हैं। बैजनाथ चंद्राकर को शक्ति की जिम्मेदारी दी गई है तथा मुंगेली जिले के प्रभारी आशीष छाबड़ा को बनाया गया है।

# बारिश के बाद 6 घंटे तक बिजली बंद, 5 हजार उपभोक्ता हुए हलाकान

- शनिवार की रात हुई झमाझम बारिश के बाद खुली विभाग की पोल
- फाल्ट और जम्पर जलने से कई जगहों पर बिजली बंद

शनिवार रात हुई झमाझम बारिश के बाद शहर की बिजली व्यवस्था एक बार फिर ध्वस्त हो गई, इस दौरान कई जगहों पर बिजली की आंखमिचौली जारी रही। वहीं सदर बाजार फीडर के अंतर्गत सभी ट्रांसफार्मर रात 12.30 के बाद बंद रहे और 6 घंटे बाद सुबह 7 बजे बिजली व्यवस्था सुधरी। इस दौरान 5 हजार उपभोक्ताओं को रात भर परेशानी झेलनी पड़ी।

बारिश ने बिजली विभाग के मेंटनेंस की पोल खोल कर रख दी है। शनिवार के बाद रविवार को भी बिजली गुल की समस्या जस की तस रही। शनिवार को रात 10.30 के बाद शहर में बारिश का दौर शुरू हो गया, इस दौरान मध्यम गति से बारिश होती रही, लेकिन बिजली उपकरण के खराब होने की घटनाएं भी हुईं। जम्पर जलने और इंसुलेटर खराब होने के कारण बिजली बाधित रही। सरजू बगीचा गली, मसानगंज, सिविल लाइन, बृहस्पति बाजार में 11 केवी लाइन के ब्रेकडाउन होने के चलते रात 12.30 से बिजली बंद रही, इसके बाद साथ ही कुछ देर के लिए बिजली आई, लेकिन महज 10 मिनट के अंतराल के बाद बंद हुई बिजली सीधे सुबह 7 बजे ही बहाल हो सकी। इस दौरान बिजली कर्मचारियों को फाल्ट खोजने में खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा, बारिश के कारण कर्मचारी दुबके रहे, जिससे मेंटनेंस में देरी होती रही, हालांकि इस दौरान जोन के जेई और एई ने रात भी उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनीं, लेकिन बारिश कर्मचारियों के काम में रोड़ा बनी रही। वहीं सुबह 11 बजे मध्यनगरीय चौक में केबल बदलने के लिए डेढ़ घंटे बिजली बंद रही। यही हाल नेहरू नगर डिवीजन के अंतर्गत भी बिजली बंद रही, सुबह 8 बजे से 12 बजे तक मेंटनेंस के लिए बिजली बंद की गई। जिससे लोगों को हलाकान होना पड़ा।



### मेंटनेंस के बावजूद बंद होती है बिजली

बिजली अधिकारियों के द्वारा गर्मी भर मेंटनेंस के नाम पर बिजली बंद की जाती है, इसके बावजूद बारिश होते ही बिजली गुल की समस्या रहती है, यह उपभोक्ताओं की नाराजगी का कारण बनती है। शनिवार को भी मुंगेली रोड में मेंटनेंस किया गया, लेकिन इस दौरान 11 बजे आने वाली बिजली 12 बजे के बाद सप्लाई नार्मल हो सकी, ऐसे में उपभोक्ताओं के रोजमर्रा के काम प्रभावित होते रहे।

### जानकारी ली जाएगी

ब्रेकडाउन की समस्या थी, लेकिन फाल्ट की जानकारी नहीं है। इतने देर बिजली किस कारण से बंद रही, यह जोन अधिकारियों से जानकारी ली जाएगी।

**- सईद मुख्तार,** ईई, पश्चिमी डिवीजन

## अधिकारी नए भवन व पुलिस क्वार्टर का प्रस्ताव राज्य शासन को भेजेंगे

# कोतवाली में बनेगा हाईटेक नया थाना भवन, पुलिस क्वार्टर भी बनाए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- पुलिस हाउसिंग बोर्ड के अधिकारियों ने किया निरीक्षण

वर्षों पुराने जर्जर कोतवाली थाना भवन को तोड़कर हाईटेक नया थाना भवन व पुलिस क्वार्टर बनाए जाएंगे। पुलिस हाउसिंग बोर्ड के अधिकारियों ने थाना भवन व पुलिस क्वाटर का निरीक्षण किया है। अब अधिकारी नए भवन व पुलिस क्वार्टर का प्रस्ताव राज्य शासन को भेजेंगे।

जिले के अधिकांश पुलिस थानों के नए भवन बन गए हैं। वहीं शहर के मध्य कोतवाली थाना वर्षों पुराने जर्जर भवन में संचालित हो रहा है। आलम यह है कि थाना में विवेचकों की बैठने के लिए जगह नहीं है। एसपी आफिस से कोतवाली थाना के लिए नया भवन व पुलिस क्वार्टर बनाने के लिए पुलिस मुख्यालय प्रस्ताव बनाकर भेजा गया था। पिछले दिनों रायपुर से पुलिस हाउसिंग बोर्ड के अधिकारियों की टीम शहर पहुंची। टीम के साथ आरआई भूपेन्द्र गुप्ता व टीआई ने कोतवाली थाना भवन व पुलिस क्वार्टर का निरीक्षण किया। अब पुलिस हाउसिंग बोर्ड के अधिकारियों के द्वारा नया थाना भवन व पुलिस क्वार्टर का प्रस्ताव बनाकर राज्य सरकार को भेजा जाएगा। बताया जाता है पुराने जर्जर थाना भवन की जगह नया भवन और 25 पुलिस क्वार्टर बनाए जाएंगे।



### पीड़ितों के बैठने के लिए जगह नहीं

पुराने जर्जर भवन में फरियाद लेकर जाने वाले पीड़ितों के बैठने के लिए जगह नहीं है। मुख्य द्वार पर लकड़ी की कुर्सी रखी गई है। दो तीन पीड़ितों के आने पर वहां बैठने तक की व्यवस्था नहीं रहती है। इसी तरह विवेचक बगल के रूम में स्कूली बच्चों के तरह कतार से कुर्सी टेबल लगाकर बैठे रहते हैं।

### पुलिस क्वार्टर में बैठ रहे विवेचक

थाना भवन में बैठने की व्यवस्था नहीं होने से विवेचक बगल के पुलिस क्वार्टर में बैठकर काम कर रहे हैं। आलम यह है कि पीड़ित पक्ष को विवेचकों को खोजना पड़ता है। सबसे ज्यादा परेशानी बरसात के मौसम उठानी पड़ती है। छप्पर वाले छत से पानी टपकता रहता है।



### निरीक्षण किया गया

कोतवाली में नया थाना भवन व पुलिस क्वार्टर बनाने के लिए पुलिस हाउसिंग बोर्ड के अधिकारियों ने कोतवाली थाना का निरीक्षण किया है। उनके द्वारा प्रपोजल बनाकर भेजा जाएगा। स्वीकृति मिलने के बाद नया थाना भवन व पुलिस क्वार्टर का काम शुरू हो पाएगा।

**- भूपेन्द्र गुप्ता,** आरआई


भव्य शुभारंभ
दिनांक : 17 जून 2024, सोमवार
उपलब्ध विभाग
न्यूरो सर्जरी एण्ड न्यूरोलॉजी
एंडोस्कोपिक स्पाइन एवं ब्रेन सर्जरी
जनरल एण्ड लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
प्रसूति एवं स्त्रीरोग
जनरल मेडिसीन
हड्डी रोग एवं सर्जरी
मूत्र रोग एवं किडनी विशेषज्ञ
कान, नाक एवं गला विशेषज्ञ
नेत्र रोग विशेषज्ञ
दंत रोग विशेषज्ञ
24/7 EMERGENCY SERVICE
मंगला चौक स्थित वंदना हॉस्पिटल अब नये परिवेश के साथ...
श्री विजय वंदना हॉस्पिटल
इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साईंसेस एण्ड रिसर्च सेन्टर
का शुभारंभ होने जा रहा है
जिसमें आपकी गौरवमयी उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है ।
समय : 12 बजे से आपके आगमन तक
डॉ. विजय कुमार
न्यूरोलॉजिस्ट एवं न्यूरो सर्जन
डॉ. गणेश्वरी पात्रे
सीनियर आयुर्वेद विशेषज्ञ
डॉ. संतोष उद्देश
जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. राजेश्वरी उद्देश
प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
टी.आर. बाबा पात्रे
डायरेक्टर श्री विजय वंदना हॉस्पिटल
भूपेन्द्र उरांव
निवेदक -श्री सेवाराम कुर्रे-श्रीमती कृतीन कुर्रे, श्री धनसाय पात्रे-श्रीमती उत्तरी देवी पात्रे, स्व. श्री गोकुल सिंह उद्देश
-श्रीमती गणपतिया बाई श्री शंकरलाल उरांव-श्रीमती जगमति उरांव एवं समस्त हॉस्पिटल स्टॉफ
श्री लक्ष्मी HP पेट्रोल पंप के पीछे, श्रीवास भवन के पास, मिनोचा कॉलोनी, न्यू स्मार्ट रोड, बिलासपुर (छ.ग.)


मान. श्री तोखन साहू जी
सांसद बिलासपुर लोकसभा को केन्द्रीय आवास एवं शहरी विकास मामलों के राज्य मंत्री बनने के बाद प्रथम बिलासपुर आगमन पर
हार्दिक स्वागत
वंदन
अभिनंदन
राकेश तिवारी
प्रदेश मंत्री - भाजपा किसान मोर्चा
राजेश त्रिवेदी
प्रदेश कार्य समिति सदस्य (भाजपा) छ.ग.
गौतम शर्मा
समाजसेवी
ऋषि केसरी
प्रदेश कार्य समिति सदस्य भाजपा अनु.जा. मोर्चा
सन्नी केशरी
प्रदेश कार्य. समिति सदस्य युवा मोर्चा
डॉ. नीलय तिवारी
प्रदेश कार्य. समिति सदस्य चिकि. प्रकोष्ठ

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, सोमवार 17 जून 2024

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




## निशानेबाजी

### डीपीएस की तारुन्या और मनीत इंडियन शूटिंग टीम ट्रायल में सलेक्ट



**बिलासपुर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल बिलासपुर के तारुन्या शेंडे व मनीत कौर मक्कड़ इंडियन शूटिंग टीम की ट्रायल निशानेबाजी प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। दोनों बच्चे उक्त प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे।

**करेंगे छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व**

डीपीएस खेल विभाग के प्रमुख मनोज कश्यप ने बताया कि भोपाल में कुमार सुरेंद्र सिंह मेमोरियल राइफल, पिस्टल शूटिंग चैंपियनशिप 1 से 19 जून तक 22 वीं निशानेबाजी प्रतियोगिता आयोजित की गई है। जिसमें दिल्ली पब्लिक स्कूल बिलासपुर की छात्रा तारुन्या शेंडे ने 606.4 अंक तथा मनीत कौर मक्कड़ ने 604.7 अंक अर्जित करते हुए इंडियन शूटिंग टीम ट्रायल निशानेबाजी प्रतियोगिता में अपनी जगह बना ली है। वहीं आदित्य सिंह ने चैंपियनशिप में भाग लिया। शूटिंग कोच पवन दुबे का कहना है कि दोनों बच्चे बहुत कड़ी मेहनत कर रहे हैं। जिससे इंडियन शूटिंग टीम ट्रायल निशानेबाजी प्रतियोगिता में पदक प्राप्त करने की उम्मीद है। तारुन्या और मनीत की इस उपलब्धि पर संस्था के प्राचार्य जसपाल सिंग मथ, प्रशासनिक अधिकारी आरसी मोहंती, खेल विभाग प्रमुख मनोज कश्यप, रॉबिंसन जॉन, पवन दुबे, राज नारायण श्रीमोर, निरूपा विश्वास, अनुपम वर्मा सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उन्हें शुभकामनाएं दी है।

## समर कैम्प

### बच्चों ने कराते का प्रदर्शन कर पेश किया डांस




**बिलासपुर।** पूज्य सिंधी पंचायत तोरवा एवं शांता फाउंडेशन बिलासपुर के संयुक्त तत्वावधान में तोरवा सिंधु भवन में आयोजित समर कैंप के समापन पर बच्चों ने प्रशिक्षण के दौरान सीखे कराते का प्रदर्शन कर डांस पेश किया। अंत में प्रतिभागी सभी बच्चों को प्रमाण-पत्र वितरण किया गया।

**तोरवा सिंधु भवन में आयोजित समर कैंप का समापन**

कैंप में बच्चों को 21 दिनों तक डांस, हैंडराइटिंग, ड्राईंग व जूडो कराते का प्रशिक्षण दिया गया। कैंप के समापन पर सभी बच्चों को प्रमाण पत्र वितरण के साथ ही प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके मुख्य अतिथि धनराज आहूजा, डॉ ओम माखीजा, किशोर गेमनानी, मोतीलाल गंगवानी, डॉ संतोष गेमनानी, डॉ अशोक मेहता, दिनेश जोतवानी व चंचल सलूजा थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने द्वीप प्रज्ज्वलन कर किया। इसके बाद सरस्वती वंदना पेश किया गया। प्रशिक्षकों का सम्मान मोमेंटो व प्रमाण-पत्र देकर किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शांता फाउंडेशन से डी. विनीता राव, रूपाली पांडेय, शुभम पांडेय, जसमीत सिंह टूटेजा, तेजस राजपूत, शौर्य कश्यपका विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन सृष्टि सिंह, अंशुमन शर्मा एवं आभार प्रदर्शन नीरज गेमनानी ने किया।

#### बच्चों को अच्छी शिक्षा देने लगाते हैं कैंप

गौ सेवक नीरज गेमनानी ने कहा कि बच्चे इस उम्र में सीखने की अवस्था एवं गीली मिट्टी के तरह होते हैं। हम जैसी शिक्षा देंगे वे लोग वैसे ही ढल जाएंगे इसलिए हर साल बच्चों को उचित शिक्षा देने के उद्देश्य से कैंप का आयोजन किया जाता है।

## शिविर

### सेवा, सिमरन व सत्संग से जुड़े रहने पर जोर





**बिलासपुर।** सद्गुरू माता सुदीक्षा महाराज की कृपा से बहन सोनिया जगवानी जबलपुर के सानिध्य में रविवार को सत्संग निरंकारी भवन इमलीपारा में जोन-स्तरीय एक दिवसीय निरंकारी बाल संत समागम आयोजित किया गया। इसमें बच्चों की सिखलाई को ध्यान में रखकर सेवा, सिमरन और सत्संग से जुड़े रहने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बिलासपुर बाल संगत से सहज सोढी के अवतार वाणी गायन से किया गया है। इसके बाद बिलासपुर के अलावा छत्तीसगढ़ के विभिन्न शहरों से आए बच्चों ने विचारों, गीतों, नाटक, स्क्रीप्ट एवं नृत्य के माध्यम से इस निरंकार प्रभु की जानकारी प्राप्त की। फिर भक्ति करते हुए मर्यादित जीवन जीने की एक पद्धति सिखलाई का संदेश दिए।

**निरंकारी भवन इमलीपारा में बाल संत समागम**

जबलपुर से आईं बहन सोनिया ने कहा कि आज के युग में संत निरंकारी मिशन बच्चों को उनके पढ़ाई के साथ ही अच्छे गुणों की सिखलाई देकर घर, स्कूल तथा सामाजिक कार्यो में विभिन्न प्रकार की सेवाएं दे रही है, यह बहुत ही सराहनीय है।

#### बच्चों ने लिया ज्ञान व सत्संग का आनंद

संत बाल समागम में बिलासपुर जोन के सभी क्षेत्रों कोरबा, जांजगीर-चाम्पा, पेण्ड्रा, बिल्हा, चकरभाठा, अम्बिकापुर, पत्थलगांव से बच्चे शामिल होकर विभिन्न कार्याक्रमों के माध्यम से परमात्मा के ज्ञान व सत्संग का आनंद प्राप्त किए। अंत में बिलासपुर जोन के जोनल इंचार्ज श्याम सुन्दर सत्संग कार्यक्रम में शामिल होकर बच्चों, बहनों एवं सेवादारों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### साइंस और टेक्नोलॉजी के साथ इकोनामी के सवाल आसान रहे ◆ जिले में 17 केन्द्रों में ली गई परीक्षा, आधे उम्मीदवार रहे नदारद



### आसान प्रश्नों से परीक्षार्थी खुश

# पुराने पैटर्न पर लौटा यूपीएससी

**बिलासपुर।** यूपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा रविवार को 17 केन्द्रों में दो पालियों में ली गई। परीक्षार्थियों और एक्सपर्ट के मुताबिक परीक्षा में मध्यम स्तर के सवाल पूछे गए थे। परीक्षा में साइंस और टेक्नोलॉजी के साथ-साथ इकोनामी के पेपर के प्रश्न आसान थे। खास तौर पर इकोनॉमी के पेपर में सवाल अधिक कठिन नहीं थे। सामान्य अध्यय के पेपर में साइंस और टेक्नोलॉजी के साथ-साथ इकोनॉमी के प्रश्न आसन के मध्यम कैटेगरी के थे। इकोनॉमिक्स क्षेत्र में अधिकांश प्रश्न स्टैटिक भाग से पूछे गए थे। कुछ ही प्रश्न करंट अफेयर से पूछे गए थे। छात्रों के मुताबिक पिछले साल की तुलना में इस बार की परीक्षा की लैंग्वेज आसान की गई थी। उम्मीदवारों ने बताया कि यूपीएससी की द्वारा ली गई इस परीक्षा के दोनों पेपर पिछले साल की तुलना में आसान थे। उम्मीदवारों के मुताबिक भूगोल के प्रश्न भी पिछले साल की तुलना में आसान थे और प्रश्न काफी हद तक कॉन्सेप्ट पर आधारित पूछे गए थे। यूपीएससी की परीक्षा के लिए जिले में 17 केन्द्र बनाए गए थे। दो पालियों में परीक्षा ली गई। सुबह की पहली पाली 9.30 से 11.30 तक हुई जिसमें कुल 6405 उम्मीदवारों में से 3603 उपस्थित और 2802 अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 2.30 से 4.30 तक ली गई। इसमें 3569 छात्र उपस्थित तो 2836 अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान राज्य पर्यवेक्षक व निगम कमिश्नर अमित कुमार, एडीएम एआर कुरुवंशी व यूपीएससी नई दिल्ली से आए अंडर सेक्रेटरी बैजनाथ प्रसाद द्वारा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया।

#### संविधान, इकोनामिक्स और डिजिटल करेंसी पर सवाल

जीएस के पेपर में संविधान, इकोनामिक्स और डिजिटल करेंसी पर सवाल थे। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान, प्रधानमंत्री श्रमशक्तिमान योजना, नारी शक्ति वंदन योजना पर प्रश्न थे। इसी तरह केन्द्रीय बजट पर दो प्रश्न पूछे गए थे। संविधान सभा के पहले अस्थायी अध्यक्ष, पांच कौन से नए एयरपोर्ट बनाए गए, लडाकू विमानों के बारे में और देशों के सीमाओं पर प्रश्न थे। इसके साथ ही मसौदा समिति और संविधान का निर्माण, सरकार द्वारा शुरू की गई महत्वपूर्ण योजनाएं, कार्यक्रम, मिशन, कानून और नीतियों पर प्रश्न थे। आर्थिक और सामाजिक विकास, जनसांख्यिकी, सामान्य विज्ञान पर भी प्रश्न थे। इतिहास सेक्शन में प्राचीन इतिहास, मध्यकालीन इतिहास पर प्रश्न थे।

#### 400 नंबरों के 180 प्रश्न पूछे गए

यूपीएससी की प्री परीक्षा में जीएस पेपर 1 और जीएस पेपर 2 (सीएसएटी) लिए गए। दोनों पेपर वस्तुनिष्ठ प्रकार के बहुविकल्पीय प्रश्न वाले थे। प्रीलिम्स की इस परीक्षा में दूसरा पेपर सीएसएटी एक क्वालीफाइंग था जिसमें न्यूनतम 33% अंक पास करना जरूरी है। एक्सपर्ट के मुताबिक यूपीएससी प्रीलिम्स कट-ऑफ की गणना केवल जीएस पेपर 1 के आधार पर की जाती है। हालांकि प्रारंभिक चरण में प्राप्त अंकों को अंतिम मैरिट सूची में नहीं गिना जाता है। प्री की इस परीक्षा में निगेटिव मार्किंग भी था। प्रीलिम्स जीएस पेपर 1 में 200 अंकों के 100 प्रश्न पूछे गए थे जबकि सीएसएटी पेपर 2 में 200 नंबरों के 80 प्रश्न थे। दोनों ही पेपरों के लिए 2 घंटे का समय तय था। प्रारंभिक चरण में प्रत्येक पेपर के लिए उम्मीदवारों को 2 घंटे का समय आवंटित किया जाता है।

#### 2023 में 38 सवाल हल करने वाले हुए थे क्लीयर

कोचिंग सेंटर के संचालक बृजेन्द्र शुक्ला के मुताबिक साल 2023 की कटऑफ लिस्ट के ऊपर नजर डाले तो यूपीएससी प्रीलिम्स परीक्षा में सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों ने 38 सवालों के सही जवाब देकर परीक्षा पास कर लिया था। वहीं ईडब्ल्यूएस कैटेगरी के अभ्यर्थी ने 34 सवाल, ओबीसी कैंडिडेट्स ने 37 सवाल, एससी कैटेगरी के अभ्यर्थियों ने 30 सवाल और एसटी उम्मीदवारों ने 24 सवालों के सही जवाब देकर प्रीलिम्स परीक्षा पास कर लिया था। इस बार सवाल लेकिन आसान थे इसलिए कटआफ थोड़ा उपर जा सकता है।

#### एक्सपर्ट कमेंट



उम्मीदवारों को व्यापक रूप से विषयों और पेपर पैटर्न का गंभीर विश्लेषण करना चाहिए और फिर अपनी तैयारी की रणनीति के साथ आगे बढ़ना चाहिए। यह वास्तव में यूपीएससी परीक्षा के पाठ्यक्रम की गहराई है जो इसे और अधिक चुनौतीपूर्ण बनाता है। इस पार की परीक्षा की बात करें तो यूपीएससी अपने पुराने पैटर्न पर लौटी है। 2018 से लेकर 2022 तक के जैसे सवाल थे उसी हिसाब से प्रश्न थे। 2023 में जरूर एकदम से बदलाव किया गया था जिससे की कटआफ नीचे गया था। इस पर दोनों पेपर आसान थे इसलिए कटआफ जाहिर तौर पर अधिक जाएगा। पेपर में राजनीति और इकोनामिक्स के सवाल अधिक थे।

- **अभिषेक चतुर्वेदी**, आईपीएस

### जीवन धारा नमामि गंगे ने रिवर व्यू में मनाया गंगा दशहरा



### जल संरक्षण कर पर्यावरण को सुरक्षित रखने की ली शपथ

**बिलासपुर।** जीवन धारा नमामि गंगे द्वारा रविवार को रिवर व्यू में अरपा मइया को साक्षी मानकर गंगा दशहरा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मां गंगा की विधि पूर्वक पूजा की गई। सभी लोग जल बचाने और जल संरक्षण कर पर्यावरण को सुरक्षित रखने की शपथ भी ली।

जीवन धारा नमामि गंगे के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ हरि ओम शर्मा के दिशा-निर्देश में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ अलका यादव, जिलाध्यक्ष मोना केंवट की उपस्थिति में यह आयोजन हुआ। यह पर्व हर वर्ष जेष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन गंगा स्नान से व्यक्ति को सुख समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त होता है। इस दौरान नदी के संरक्षण को लेकर चिंता जताई गई। साथ ही कहा गया कि यदि नदी नहीं होगी तो इंसान का जीवन कैसे चलेगा। जल व भविष्य सुरक्षित करने के उद्देश्य को लेकर गंगा दशहरा कार्यक्रम के अंतर्गत दीप यज्ञ किया गया। गायत्री परिवार के माध्यम से विभिन्न संगठन के सदस्यों ने यज्ञ कर आरती की। जल बचाने एवं जल संरक्षण कर पर्यावरण को सुरक्षित रखने की शपथ ली।

#### इनकी रही उपस्थिति

इस मौके पर रेखा, साक्षी, अन्नपूर्णा यादव, नंदिनी पाटनवार, सुजाता मानिक, शिवांगी सिंह यादव, गौतम चौहान, हिमांगी पटेल, काव्यांश साहू, कुणाल साहू, शांति सोनी, शकुंतला केंवट, रमा कश्यप, कावेरी कश्यप, शशि किरण साहू सहित गायत्री परिवार महिला विंग की सदस्य उपस्थित थीं।

### नए परिजन को साधक बनाकर पूज्यवर को अर्पित करें भावांजलि : नंदिनी



अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशन में गंगा दशहरा पर रविवार को गायत्री परिवार के सभी शाखाओं में यज्ञीय कार्यक्रम रखा गया। गायत्री शक्तिपीठ विनोबानगर में दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ किया गया। इस दौरान जिला समन्वयक नंदिनी पाटनवार ने कहा कि पूज्यवर के श्रीचरणों में नए परिजन को कार्यकर्ता व साधक बनाकर अपनी भावांजलि समर्पित करें। शक्तिपीठ के द्वारिका प्रसाद पटेल ने बताया कि जिस प्रकार स्थूल गंगा भूमि को सिंचती, प्राणियों की तृषा मिटाती, मलिनता हरती और शांति देती है, वही सब विशेषताएं आध्यात्म क्षेत्र में गायत्री महाशक्ति रूपी ज्ञान गंगा की है। कार्यक्रम अंतर्गत प्रथम दिवस सामूहिक अखंड जाप किया गया। द्वितीय दिवस गंगा दशहरा, गायत्री जयंती एवं अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक पूज्य सद गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के महाप्रयाण दिवस के उपलक्ष्य में गंगा मैया, मां गायत्री का विशेष पूजन कर सजल श्रद्धा-प्रखर प्रज्ञा की विशेष आहुतियों के साथ नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ संपन्न किया गया।

- **गंगा दशहरा पर गायत्री परिवार के सभी शाखाओं में हुआ यज्ञीय कार्यक्रम**

**राजयोग भवन में क्रोध पर रखी गई कार्यशाला**

### गुस्सा दो घंटे की कार्य क्षमता को कर देता है समाप्त : बीके स्वाति

**बिलासपुर।** ऊंची आवाज में बात कर स्वयं को सिद्ध करना भी क्रोध ही है। कई लोग कहते हैं जब तक ऊंची आवाज, कठोरता से न बोले तब तक लोग समझते नहीं हैं। क्रोध का बल किसी भी व्यक्ति से अवश्य जीता देगा लेकिन प्यार ही एक ऐसा हल है, जिससे व्यक्ति को जीता जा सकता हैं।



उक्त बातें प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की मुख्य शाखा टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित राजयोग भवन सेवा केंद्र की संचालिका बीके स्वाति दीदी ने रविवार को क्रोध पर रखी गई कार्यशाला में कही। उन्होंने कहा कि व्यक्ति से जीतना या व्यक्ति को जीतना, यह हमारे व्यवहार पर निर्भर करता है। कभी-कभी, हममें से कई लोग गुस्से को एक हथियार के रूप में इस्तेमाल करते हैं। जिससे हम लोगों को नियंत्रित कर सके। लेकिन हम यह भूल जाते हैं कि लोगों को नियंत्रित करना मुश्किल है, बल्कि उन्हें प्रभावित करना आसान है। दीदी ने आगे बताया कि क्रोध उबलते हुए पानी की तरह है। उबलते हुए पानी में हम स्वयं को स्पष्ट देख नहीं सकते हैं, पानी जब स्थिर होता है तभी हम अपने को पानी में स्पष्ट देख सकते हैं।

#### आध्यात्मिक ज्ञान से ला सकते हैं शक्तियां

स्वाति दीदी ने कहा कि जब भी कोई परिस्थिति हमारे सामने आती है तो क्रोध कोई ना कोई रूप में होता है। किसी में तीसरा नंबर चिड़चिड़ापन के रूप में होता है। चिड़चिड़ापन भी क्रोध का ही अंश है। किसी भी व्यक्ति, साधनों से अपेक्षा करना या इच्छा रखना सभी प्रकार के क्रोध का मूल कारण है। इच्छाओं की पूर्ति नहीं होने पर चिड़चिड़ापन या परेशान हो जाते हैं या कुछ मामलों में अग्रेसिव भी हो जाते हैं। परिस्थितियों और लोगों को यदि हम बदल नहीं सकते है तो जैसे वो हैं, वैसे ही सहजता से स्वीकार कर लेना चाहिए।

**शिविर में कराया गया योगासन प्राणायाम वज्रासन**

### योग से कैंसर सहित अन्य गंभीर बीमारियों को कर सकते हैं ठीक

**बिलासपुर।** ब्रह्माकुमारीज ओम शांति सरोवर उसलापुर के तत्वावधान में आयोजित 11 दिवसीय योग शिविर के छठवें दिन भ्राता राजवीर सिंह हेल्थ ट्रेनर, सुषमा बहन एवं भ्राता राकेश सीनियर टीचर प्रेमनगर द्वारा अलग-अलग प्राणायाम एवं योगासन कराया गया। इसमें अनुलोम-विलोम, कपालभाति, भ्रामरी, प्राणायाम, ताड़ासन, भुजंगासन, धनुरासन, चक्रासन, नौकासन, वक्रासन, कटिबद्ध आसन, वज्रासन, त्रिकोण आसन आदि शामिल रहा।



प्रशिक्षकों ने निरंतर योगाभ्यास का लाभ बताते हुए कहा कि कैंसर, हृदय रोग, फेफड़े का रोग, माइग्रेन जैसी अनेक शारीरिक बीमारियों को भी निरंतर योगासन, प्राणायाम, राजयोग द्वारा द्वारा ठीक किया जा सकता है। बीके छाया दीदी ब्रह्माकुमारीज उसलापुर सेवा केंद्र की मुख्य संचालिका ने शव आसन, सूक्ष्म आसन कराया। उन्होंने सहज राजयोग को विस्तारित करते हुए कहा कि राजीव का अर्थ स्वयं का मालिक बनकर स्वयं पर राज्य करना है। हम दूसरों को नहीं परंतु स्वयं में परिवर्तन कर सकते हैं। स्वयं को शांत रखते हुए स्वयं को शुभ कर्मों में बिजी कर सकते हैं। यही राजयोग है।

### नाटक में शिक्षा के साथ ही खेलकूद पर भी है फोकस

# नाट्य कार्यशाला के समापन पर नाटक 'बड़े भाई साहब' का मंचन

**कार्नर न्यूज**

रंगमंच संस्था संगम नाट्य समिति के बैनर तले शा. उच्च. माध्य. विद्यालय राजेन्द्र नगर में आयोजित 15 दिवसीय प्रस्तुति परक नाट्य कार्यशाला में मुंशी प्रेमचंद की कहानी बड़े भाई साहब का मंचन किया गया। नाटक में शिक्षा के साथ ही खेलकूद को भी जरूरी बताया गया है।

**बिलासपुर।** आयोजकों ने बताया कि कार्यशाला में प्रतिभागियों ने रंगमंच के कई विधाओं की जानकारी ली। जिसमें बॉडी मूवमेंट, डायलॉग डिलीवरी, थिएटर गेम्स, एक्सप्रेशन, डिक्शन, आर्ट एण्ड क्राफ्ट, बैक ग्राउंड म्यूजिक, डांस आदि विधाओं से शैलेन्द्र कुशवाहा के निर्देशन में अवगत कराया गया। कई नाटकों का वाचन कर मुंशी प्रेमचंद की कहानी बड़े भाई साहब का नाट्य रूपांतरण तैयार किया गया। इसका मंचन कला पथिक दल द्वारा आयोजित कन्हान थिएटर फेस्टिवल में किया गया। बड़े भाई साहब की कहानी बड़ी मार्मिक है। शिक्षा से जुड़ी होने के कारण कई सामाजिक उतार चढ़ाव से गुजरती हुई मंच पर दृष्टिगत होती है। इस नाट्य प्रस्तुति के लिए टीम नागपुर पहुंच गई है। हर्षल नागद्धवते के संयोजन में कन्हान थिएटर फेस्टिवल आयोजित किया जा रहा है। जिसमें बड़े भाई साहब का मंचन होना सुनिश्चित हुआ है।

**ये हैं कहानी के पात्र :** कहानी मुंशी प्रेमचंद में बड़े भाई साहब की भूमिका में रोहित वैष्णव, छोटा भाई- शैलेन्द्र कुशवाहाव मोहित बंशीवाल, छोटे भाई के दोस्त की भूमिका में विजय खैरवार, रेखा पटेल, मोहित, अदिति रही। वहीं मंच व्यवस्थापक मोहित बंशीवाल, रोहित वैष्णव, पार्श्व संगीत- शैलेन्द्र कुशवाहा, रोहित वैष्णव, प्रकाश व्यवस्था-हर्षल नागदेवते, रूप सज्जा रेखा पटेल, आदर्श श्रीवास, प्रियंका, वस्त्र विन्यास अमित कछवाहा, विजय खैरवार, सेट निर्माण संस्कृति, खुशी, अमित कछवाहा, प्रचार-प्रसार हर्षल, प्रियंका, सह निर्देशक संस्कृति सिंह, रोहित वैष्णव, परिकल्पना एवं निर्देशन शैलेन्द्र मणि कुशवाहा का रहा।



**इनका रहा सहयोग :** कार्यशाला में विद्यालय के प्राचार्य डॉ. मोहन लाल पटेल, वरिष्ठ कला समीक्षक सुरेन्द्र वर्मा, डॉ. रश्मि बुधिया, संगीता ताम्रकार, डॉ. धीरज सोनी, शिव पवार, शैलेन्द्र श्रीवास्तव सहित अन्य साथियों का सहयोग रहा।

#### विशेषताओं से भरा है कथानक

'बड़े भाई साहब' कहानी के कथानक में कथावस्तु संक्षिप्त, रोचक, घटना प्रधान एवं कौतूहल वर्द्धक है। इसमें एक प्रमुख घटना होती है। जिसमें प्रारंभ, चरमोत्कर्ष एवं समापन साफ-साफ दिखता है। हिंदी के उपन्यास सम्राट कहे जाने वाले मुंशी प्रेमचंद की कहानी बड़े भाई साहब कठोरता, स्नेह और ईमानदारी से अपनी ज़िम्मेदारी संभालने वाले एक बड़े भाई की कहानी है। घर से दूर पढ़ने के लिए शहर आए दोनों भाइयों की उम्र में यूं तो पांच साल का अंतर है, पर उन दोनों भाइयों के दर्जे का फासला हर साल कम होता जा रहा है। बड़े भाई साहब ख़ूब दिल लगाकर दिन-रात पढ़ते हैं, पर हर कक्षा में दो-तीन साल बिताते हैं। वहीं छोटा भाई खेल-कूद और मस्ती-मज़ाक करने के बावजूद अव्वल दर्जे से पास होता है। क्या छोटे भाई पर बड़े का हुक्म चलाना समय के साथ कम होने वाला है या छोटे की नज़रों में बड़े भाई की इज़्ज़त कम हो जाएगी? इन्हीं बातों को केंद्र में रखकर मुंशी प्रेमचंद ने इस कहानी को मूर्तरूप देते हुए शिक्षा और खेलकूद दोनों की आवश्यकता को समझाते हुए कहानी के माध्यम से आगे बढ़ते हैं। यह कहानी आज भी समसामयिक और वर्तमान समय को दर्शाते हुए हास्य व्यंग्य से परिपूर्ण है।


नंदन... वंदन... अभिनंदन...
मान. श्री तोखन साहू
सांसद बिलासपर लोक सभा क्षेत्र
मान. श्री तोखन साहू जी
केन्द्रीय राज्य मंत्री,
आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय भारत सरकार
बनने एवं प्रथम नगर आगमन पर
हार्दिक बधाई एवं अशेष शुभकामनाएं...
हरिशचंद्र साहू
अध्यक्ष
पून्नी राम साहू
उपाध्यक्ष
ताराचंद्र साहू
उपाध्यक्ष
अश्वनी साहू
कोषाध्यक्ष
एड. अजय साहू
सह-सचिव
उमाशंकर साहू
उप-कोषाध्यक्ष
ब्रजेश साहू
सचिव
विनीत :- जिला देशहा साहू समाज बिलासपुर (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### अटल यूनिवर्सिटी ने अंजू को दी पीएचडी



**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय ने श्रीमती अंजू महिलांग को उनके शोध पर पीएचडी प्रदान की। उन्होंने "सतीश जायसवाल के साहित्य का सांस्कृतिक अनुशीलन" विषय पर अपना शोध जीडीसी के सहायक प्राध्यापक डॉक्टर हरिणी रानी आगर के कुशल निर्देशन में पूर्ण किया। ग्राम बिरगांव, मुंगेली निवासी श्रीमती अंजू महिलांग डॉक्टर धर्मेंद्र महिलांग की पत्नी हैं। वे वर्तमान में शासकीय महाविद्यालय सकरी में प्रयोगशाला शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। अंजू ने बताया कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति प्राकृतिक बाल साहित्य महिला उत्थान को समझने के लिए सतीश जायसवाल के साहित्य का अध्ययन आवश्यक है।

### छत्री समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ



**बिलासपुर।** छत्री समाज बिलासपुर के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को जबड़ापारा स्थित दंडेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित किया गया। समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेन्द्र राव सोमावार के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजन किया गया। उन्होंने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। समारोह में विकास कायरवार ने अध्यक्ष पद की शपथ ली। इनके अलावा कार्यकारी अध्यक्ष मनीष लाचरवार, उपाध्यक्ष श्रीमती मनीषा सोमावार, सचिव निलेश सोमावार व सह सचिव विकास सोमावार ने भी शपथ ग्रहण किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छत्री समाज के सदस्य उपस्थित थे। समारोह के दौरान विकास कायरवार ने कहा कि वे समाज को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने हर संभव प्रयास करेंगे। वे समाज के अन्य पदाधिकारियों और सदस्यों को साथ लेकर चलेंगे। समाज के संरक्षक अनिल शिवरामवार ने नव निर्वाचित पदाकारियों द्वारा अच्छे कार्य करने की उम्मीद जताई। वहीं समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र राव ने कहा कि नव निर्वाचित पदाधिकारी बेहतर समन्वय के साथ समाज का विकास करेंगे।

### पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने महेश दुबे की माता को दी श्रद्धांजलि



**बिलासपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अमरकंटक यात्रा के बाद रविवार को पेंड्रा रोड बेलगहना रतनपुर होते हुए बिलासपुर पहुंचे। इस दौरान बिलासपुर में कांग्रेस नेता महेश दुबे के निवास पहुंचकर उनकी स्व. माता पार्वती देवी को श्रद्धांजलि अर्पित की । इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री श्री बघेल के साथ विधायक अटल श्रीवास्तव, विधायक दिलीप लहरिया, आशीष सिंह ठाकुर, संदीप शुक्ला, आनंद जायसवाल, शीतल जायसवाल, सुभाष अग्रवाल, मनोज बाजपेई, आदित्य दीक्षित, अरुण त्रिवेदी, कुलवंत सिंह, प्रमोद नायक, शिव बालक कौशिक, चित्रकांत श्रीवास, अभय नारायण राय, अरविंद शुक्ला, सीमा पांडे, शिल्पी तिवारी, अंकित गौराहा आदि मौजूद थे।

### रेलवे के समर कैम्प का रंगारंग समापन



**बिलासपुर।** नार्थ ईस्ट इंस्टिट्यूट बिलासपुर प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी बच्चों के ग्रीष्म कालीन अवकाश के दौरान शैक्षणिक, मानसिक, कला के क्षेत्र मे विभिन्न विधाओं मे 1 मई से 14 जून 45 दिनों तक नार्थ ईस्ट इंस्टिट्यूट के विभिन्न स्थानों पर प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया। इसमें 700 प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया। स्पोकन इंग्लिश, अबॉक्स गणना और कला के क्षेत्र मे ड्राइंग एवं पेंटिंग, नाटक, पश्चिमी नृत्य, रविन्द्र सेमी क्लासीकल नृत्य, गिटार वादन, केसिओ वादन, करोके गायन, जैसी विधाओं का प्रशिक्षण और शतरंज, टेबल टेनिस जैसे इडोर खेल, फुटबाल, बास्केटबॉल, व्हालिबाल जैसे आउटडोर खेल के साथ ही आत्म रक्षा का प्रशिक्षण दिया गया। इस समर कैंप का समापन सोमवार को रंगारंग नृत्य एवं संगीत कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ। इस समारोह की मुख्य अतिथि अध्यक्षा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे महिला कल्याणकारी संगठन की अध्यक्ष श्रद्धा पाण्डेय रही। सभी प्रशिक्षाणार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किया गया। इस दौरान रश्मि देवांगन, सी.नवीन कुमार,बी.अनिल कुमार, डी.मुरलीधर, संजय तिवारी, दीपक गुरुंग, दीपक सुब्बा, सनमुख राव, अमरनाथ सिंह, हेमंत परिहार,श्रीकांत पाढ़ी, श्रीराम यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

## जिले में 5 लाख से अधिक उपभोक्ता, एपीएल के 35 हजार कार्डधारियों ने अब तक आवेदन नहीं किया

# 30 तक नहीं कराया नवीनीकरण तो जिले के 64 हजार कार्ड हो सकते हैं निरस्त, हितग्राहियों को राशन भी नहीं मिलेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले में अभी भी करीब 64 राशन कार्डधारकों ने नवीनीकरण नहीं कराया है और ना ही इसके लिए आवेदन दिया। इसमें एपीएल के 35 हजार कार्डधारी नवीनीकरण नहीं करा रहे हैं। हालांकि राज्य सरकार ने एक और अवसर देते हुए 30 जून तक का समय इसके लिए तय किया है।

राशन कार्ड के नवीनीकरण के अलावा ई केवायसी को भी अनिवार्य कर दिया गया। इसके बाद इन कार्डधारियों का राशन कार्ड निरस्त किया जाएगा और राशन भी नहीं मिलेगा। हालांकि सिर्फ बिलासपुर जिला ही नहीं, बल्कि अन्य जिलों में भी राशनकार्ड का नवीनीकरण का काम होना शेष है, जिसकी वजह से



इसकी तारीख बढ़ाई गई है। जिले में कुल 5 लाख 38 हजार 311 राशन कार्डों में से 4 लाख 75 हजार 40 कार्डों का नवीनीकरण हो चुका है जो कि कुल राशन कार्ड का 88.28 प्रतिशत है।

गौरतलब है कि प्रदेश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राशनकार्डों का नवीनीकरण 25 जनवरी से शुरू हो गया है। प्रदेश में करीब 77 लाख राशनकार्डों का और जिले में पांच लाख 38 हजार कार्डों का नवीनीकरण होना है।

### बीपीएल कार्डधारियों का काम लगभग पूरा

खाद्य नियंत्रक अनुराग सिंह भदौरिया के मुताबिक आवेदनों की संख्या के हिसाब से देखा जाए तो बिलासपुर में नवीनीकरण का काम लगभग पूरा कर लिया गया है। खास तौर पर बीपीएल कार्डधारियों का नवीनीकरण पूरा कर लिया गया है। बीपीएल के तीन लाख 90 हजार 843 काडधारियों में से तीन लाख 75 हजार कार्डों का नवीनीकरण कर लिया गया है। इसी तरह एपीएल की बात करें तो एपीएल कार्डधारी 69 हजार 663 हैं। इसमें से 35 हजार लोगों ने तो आवेदन तक नहीं किया है। अंत्योदय राशन के 94 हजार 764 कार्डधारी और निराश्रित के तीन हजार 774 कार्डधारियों का भी नवीनीकरण लगभग पूरा कर लिया गया है।

### मोबाइल पर शाम या रात को लाग इन करें

अब इसके लिए 30 जून की समय सीमा तय की गई है। हितग्राही इस तिथि तक राशन कार्ड का नवीनीकरण करवा सकते हैं। नवीनीकरण राशन दुकान में विक्रेता के अलावा मोबाइल में पब्लिक ऐप के माध्यम से भी हो सकता है। बहुत से कार्डधारियों का ई-केवायसी भी नहीं हुआ है। लगातार आ रही समस्या को देखते हुए खाद्य विभाग के अधिकारी सलाह दे रहे हैं कि जो स्वयं अपने मोबाइल से एप के माध्यम से नवीनीकरण कर रहे हैं, वे शाम या रात को नवीनीकरण करें, क्योंकि शाम या रात को सर्वर ठीक चलता है। ज्ञात हो कि ऑनलाइन एप से राशनकार्ड नवीनीकरण की सुविधा का विकल्प है, पर इसके लिए संबंधित कार्डधारक का मोबाइल नंबर रजिस्टर्ड होना जरूरी है। ऐसा नहीं होने पर उसे राशन दुकान जाकर नवीनीकरण कराना पड़ रहा है।

### इलेक्ट्रॉनिक आवेदन भी पेश कर सकेंगे

अधिकारियों के अनुसार नवीनीकरण के लिए मोबाइल में अथवा उचित मूल्य दुकानों के टेबलेट या दुकान संचालक के पंजीकृत एन्ड्राइड मोबाइल में डाउनलोड़ कर इसके जरिए आवेदन किया जा सकता है। राशनकार्ड के प्रथम पृष्ठ में पूर्व से उपलब्ध क्यूआर कोड को स्केन कर नवीनीकरण हेतु इलेक्ट्रॉनिक आवेदन प्रस्तुत किया जाएगा। क्यूआर कोड को स्कैन करते ही राशनकार्ड नम्बर, मुखिया तथा सदस्यों की जानकारी, ई-केवायसी की स्थिति प्रदर्शित हो जाएगी। क्यूआर कोड के अपठनीय होने की स्थिति में हितग्राही द्वारा अपनी राशनकार्ड क्रमांक तथा मोबाईल नम्बर को एप्प में दर्ज किया जा सकेगा तथा दर्ज मोबाईल नम्बर एवं राशनकार्ड में पूर्व से दर्ज मोबाईल नम्बर समान होने की स्थिति में नवीनीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया जा सकेगा।

### लगभग पूरा हो गया है नवीनीकरण

बीपीएल कार्डधारियों का नवीनीकरण लगभग पूरा कर लिया गया है। एपीएल कार्ड वालों का काम बाकी है। 30 जून तक अब नवीनीकरण कराया जा सकता है। जिले के कुल 5 लाख 38 हजार 311 राशन कार्डों का आनलाइन के साथ ही आफलाइन नवीनीकरण की प्रक्रिया की जा रही है। हितग्राही उचित मूल्य दुकान में उपस्थित होकर अपने ई-केवायसी की स्थिति जांच लेवे एवं ई-केवायसी नहीं होने की स्थिति में अपना आधार कार्ड उचित मूल्य दुकान के विक्रेता, संचालक को प्रस्तुत कर प्रक्रिया पूरी करें जिससे कि सभी कार्ड धारी हितग्राहियों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली का लाभ अबाध रूप से मिल सके।

\- अनुराग सिंह भदौरिया
खाद्य नियंत्रक



बेलगहना रेलवे स्टेशन में शहडोल जाने वाली ट्रेन को बीच वाली लाइन में रोक दिया। इससे यात्रियों को उतरने और प्लेटफार्म में चढ़ने में भारी परेशानी हुई।

## कक्षा पहली से लेकर 10वीं तक की पुस्तकों का स्कूल से होगा वितरण

# पाठ्यपुस्तक निगम पहुंचीं 2 लाख 46 हजार किताबें, इस बार नहीं मिलेगी कॉपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ पाठय पुस्तक निगम में इस बार जिले में कक्षा पहली से लेकर 10 वीं के विद्यार्थियों के लिए 2 लाख 46 हजार 189 बच्चों के लिए किताबें पहुंच गई है। संकुल स्तर से ये किताबें स्कूलों में पहुंचना शुरु हो गया है। स्कूल खुलते ही बच्चों को किताबें बांटने की तैयारी में शिक्षा विभाग जुटा है।

- 26 से खुलेंगे स्कूल
- किताबें स्कूल पहुंच रहीं

26 जून से स्कूल के पट खुलने वाले हैं। स्कूल खुलने पर बच्चों को केवल पुस्तकें ही मुफ्त में मिलेंगी, इस बार कॉपी नहीं बांटी जाएंगी। पिछले सत्र शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए राज्य शासन ने स्कूली बच्चों को किताबों के साथ मुफ्त में कापी भी दी थी। कॉपी वितरण करने की मुख्य मंशा बच्चे शिक्षा से ज्यादा से ज्यादा जुड़ें और पालकों पर आर्थिक बोझ कम करना था। लेकिन राज्य में सरकार बदलते ही इस पहल को बंद कर दिया गया है। ऐसे में बच्चों को शासन द्वारा केवल निःशुल्क किताब ही देने की तैयारी की जा रही है।

### 11वीं व 12वीं की किताबें बाजार से खरीदनी होगी



शासन केवल पहली से 10 वीं तक की किताबें ही निःशुल्क देती है। ऐसे में 11 वीं 12 वीं की पुस्तकें अभी भी बाजार से खरीदनी पड़ रही है। ऐसे में स्वामी आत्मानंद सहित सरकारी स्कूलों में 11 वीं 12 वीं की पढ़ाई करने वाले बच्चों के अभिभावकों को मंहगे दाम पर किताबें खरीदनी पड़ेंगी। कई स्कूलों ने अब तक पाठ्य पुस्तक निगम से पुस्तकें नहीं उठाई है। जबकि 26 जून से नए शिक्षण सत्र के तहत स्कूलों के पट खुलने वाले हैं।

### संकुलों को आवंटन हो गया शुरू

रतनपुर रोड स्थित गतौरा के छत्तीसगढ़ पाठय पुस्तक निगम में पुस्तकें पहुंच चुकी है। इसबार सर्वाधिक 28 हजार 636 पुस्तकें 7 वीं कक्षा के लिए पहुंची है। इसके साथ ही पहली कक्षा के लिए 24 हजार 64, दूसरी 22953, तीसरी के लिए 29906, चौथीं 24702, पांचवीं 24997, छठवीं 26325, आठवीं 26003, नवमीं 23044 और 10 वीं कक्षा के लिए 21 हजार 559 पुस्तके पहुंची है। अब यहां से संकुल स्तर पर स्कूलों को बारी-बारी पुस्तकें बांटनी शुरू हो गई है।

### स्कूल खुलते ही बंटेंगी किताबें

छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम को जिले के स्कूलों में पहली से 10 वीं कक्षा के बच्चों के लिए निःशुल्क पुस्तकों के लिए डिमांड भेजा था। पाठ्य पुस्तक निगम में किताबें आ चुकी है। किताबें स्कूलों को आबंटित भी होने लगी है। स्कूल खुलते ही बच्चों को निःशुल्क ये पुस्तकें बांट दी जाएंगी।

\- **टीआर साहू,** जिला शिक्षा अधिकारी बिलासपुर

### कॉपी पुस्तक खरीदने में जुटे अभिभावक

स्कूली बच्चों की गर्मी की छुट्टियां खत्म होने वाली हैं। लंबी छुट्टियों के बाद स्कूलों में नए शिक्षण सत्र की शुरुआत 26 जून से हो रही है। ऐसे में अभिभावक बच्चों को स्कूल भेजने से पहले कॉपी-किताब के साथ ही स्कूल ड्रेस और बैंग खरीदने में जुटे हुए हैं। स्टेशनरी और ड्रेस की दुकानों में भीड़ लगी रही है। इसके साथ ही स्कूल शिक्षा विभाग नए सत्र की तैयारी में जुट गया है।

### साप्ताहिक और मासिक टेस्ट अनिवार्य

जिला शिक्षा अधिकारी टीआर साहू ने बताया कि सभी संकुल केंद्रों में बच्चों का प्रारंभिक से ही मूल्यांकन कर के उनके शैक्षणिक विकास पर जोर दिया जाएगा और साप्ताहिक एवं मासिक रूप से उनकी विकास दर जांची जाएगी। इसके किए पहले की अपेक्षा वर्तमान में विकास को जांचा जाता है। संकुल समन्वयकों द्वारा हर बच्चा बिना अटके पढ़ सके-लिख सके, इसी प्रयास के साथ कई गतिविधियां कराई जाएंगी।

## सीलन लगी दीवारों से उधड़ रही प्लास्टर, परिसर में कचरा और गंदगी

# करोड़ों का निर्माण करने वाली एजेंसी का कार्यालय खस्ताहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्वास्थ्य विभाग के निर्माण कार्य देखने वाले सीजीएमएससी विभाग के कार्यालय का हाल बेहाल है। खस्ताहाल बिल्डिंग में विभाग के ईई से लेकर एई और जेई तक ड्यूटी देते हैं। वहीं जिले में भर में दवा की सप्लाई भी यहां से होती है, लेकिन दीवारों पर लाइट लटक रहे हैं और बंद कमरों में कर्मचारियों को गर्मी की मार झेलनी पड़ रही है।

करोड़ों रूपए की लागत से कैंसर और सिम्स अस्पताल का निर्माण कार्य करने वाले विभाग की हालत पतली है। सेंदरी स्थित छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कॉरपोरेशन की बिल्डिंग पूरी तरह से बदहाल है। विभाग में फंड का अभाव इस कदर है कि सालों से बदहाल कार्यालय में ही गुजारा किया जा रहा है।



इस कार्यालय में संभाग के ईई से लेकर सभी एई और जेई बैठते हैं, लेकिन 42 डिग्री तापमान में महज एक दो पंखों के भरोसे 8 घंटे की नौकरी कर रहे हैं। खास बात यह है कि इस बिल्डिंग में विभाग के स्टोर भी है, जहां संभाग के मुंगेली, बिलासपुर, जांजगीर, कोरबा और गौरेला तक दवा की सप्लाई की जाती है, लेकिन स्टोर में कई जगहों पर सीपेज हो चुके हैं और दीवारों की दरार भी दिखने लगी है।

कई कमरों में ट्यूबलाइट सीलिंग से लटक रही है, लेकिन बदहाली सुधारने के लिए विभाग के अधिकारियों को फंड का इंतजार है। बताया जा रहा है कि इसके लिए शासन को पत्र भेजा गया है, लेकिन स्वीकृति अब तक नहीं मिल सकी है।

### चुनाव में लटका काम

विभाग के अधिकारियों का कहना है कि विधानसभा और लोक सभा चुनाव के चलते फंड की स्वीकृति नहीं मिल सकी है, जबकि अधिकारियों ने 5 माह पहले ही शासन को रखरखाव और बिल्डिंग में मरम्मत कार्य के लिए फंड की मांग की है। वहीं विभाग में ईई को छोड़ बाकी सभी स्टाफ संविदा तौर पर काम कर रहे हैं। भले ही शासन ने स्वास्थ्य विभाग के करोड़ों काम इस विभाग को सौंप दिए हैं, लेकिन विभाग की हालत बेहद खराब है।

### पत्र लिखा गया है

फंड की स्वीकृति हेतु पत्र लिखा गया है, लेकिन फंड अभी नहीं मिला है। पूरी बिल्डिंग में ही मरम्मत की जानी है।

\-**डीके रावते,** ईई, सीजीएमएससी

# सितंबर तक एडमिशन वापस लिया तो लौटानी होगी फीस

**बिलासपुर।** शिक्षा सत्र 2024-25 में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू होने वाली है तो कई जगहों पर एडमिशन हो भी रहे हैं। इस बीच यूजीसी ने रिफंड पॉलिसी जारी की है। इसके अनुसार कॉलेजों में नामांकन लेने वाले छात्र किसी कारणवश अपनी सीट 31 सितंबर तक छोड़ देते हैं तो उन्हें कॉलेज व विवि को पूरी फीस लौटानी होगी। यही नहीं 31 अक्टूबर तक सीट छोड़ने पर प्रोसेसिंग फीस के नाम पर 1000 रुपए काटे जा सकते हैं। नियमों का उल्लंघन करने वाले संस्थानों पर जुर्माना करने से लेकर मान्यता रद्द करने तक का प्रावधान है। यूजीसी की ओर से सभी शिक्षण संस्थानों के लिए इस संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं।

- अक्टूबर तक सीट छोड़ने पर प्रोसेसिंग फीस के नाम पर 1000 रुपए काटे जाएंगे

जानकारी के मुताबिक यदि कोई शिक्षण संस्थान नियमों का उल्लंघन करता है तो छात्र या अभिभावक यूजीसी को सीधे शिकायत भेज सकते हैं। इसके साथ ही यूजीसी ने कहा है कि जिन संस्थानों में नामांकन प्रक्रिया 31 अक्टूबर के बाद भी जारी रहती है, तो नामांकन की अंतिम तिथि से 15 दिन पहले आवेदन करने वाले छात्रों की 100 प्रतिशत फीस वापस करनी होगी।

### फीस की पूरी डिटेल जारी करनी होगी

यूजीसी ने विश्वविद्यालयों को निर्देश दिया है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के मुताबिक यूनिवर्सिटी और कॉलेजों में नामांकन से लेकर फीस लेने तक की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी होनी चाहिए। कोर्स, एडमिशन शेड्यूल, यूनिवर्सिटी नियम, फीस स्ट्रक्चर, फीस रिफंड पॉलिसी, स्पोर्ट्स फैसिलिटी, हॉस्टल डिटेल्स, प्लेसमेंट के बारे में हर जानकारी स्टूडेंट्स को मिलनी चाहिए। विवि की क्या रैंकिंग है, यह बताना भी जरूरी है। जो एडमिशन फॉर्मूला तैयार किया जाएगा, उसे बदला नहीं जा सकता है। जरूरी संपर्क नंवर, वेबसाइट एड्रेस, यूनिवर्सिटी लोकपाल के बारे में भी विद्यार्थियों को जानकारी देनी होगी।

### ओरिजनल सर्टिफिकेट नहीं रख सकेंगे

छात्रों को अपने प्रवेश को एक संस्थान से दूसरे संस्थान में स्थानांतरित करने में सुविधा प्रदान करने के लिए यूजीसी द्वारा फीस वापसी और मूल प्रमाणपत्रों को न रखने का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा यूजीसी ने शैक्षणिक वर्ष में प्रवेश वापस लेने वाले छात्रों की किसी भी शिकायत का निवारण करने के लिए उच्च शिक्षण संस्थानों को भी निर्देशित किया है।

# 28 सड़कों का भेजा प्रस्ताव बारिश में नहीं बनेंगी सड़कें

**बिलासपुर।** पीडब्ल्यूडी द्वारा अब तक सड़कों की मरम्मत और नई सड़कों को बनाने का काम शुरू नहीं किया गया है, वहीं जल्द ही बारिश शुरू होने वाली है, ऐसे में बजट में शामिल 28 सड़कों को स्वीकृति मिलनी भी मुश्किल है। इस बार भी जिले के लोगों को गड्ढों पर ही चलना पड़ेगा।

चुनावी साल चाल के बावजूद शहर की सड़कों की पूछपरख नहीं हो रही है। राज्य सरकार द्वारा जिले में 28 मुख्य सड़कों को बजट में शामिल किया गया है, ये वही सड़कें हैं, जहां खस्ताहाल गड्ढे हैं। जनप्रतिनिधियों ने इन्हें सुधारने की मांग की है, लेकिन इन सड़कों के निर्माण के लिए फंड की स्वीकृति, प्रशासकीय स्वीकृति और तकनीकी स्वीकृति नहीं मिल पाई है। पीडब्ल्यूडी के अधिकारी बजट में शामिल सड़कों को स्वीकृति दिलाने पत्र भेज चुके हैं, लेकिन अबतक स्वीकृति नहीं मिल सकी है। वहीं 16 जून के बाद सड़कों के नवीनीकरण और मरम्मत का काम बंद कर दिया जाता है, ऐसे में इस बारिश में भी लोगों को गड्ढें से होकर ही गुजरना पड़ेगा। वहीं नंबर के बाद ही सड़कों की मरम्मत संभव हो सकेगी। बताया जा रहा है कि प्रस्ताव भेजने और टेंडर प्रक्रिया में ही 4 माह गुजर जाने की संभावना है।

### ये सड़क बजट में शामिल

| | |
|---|---|
| एनएच मुख्य मार्ग से सेंवार | 3 किमी |
| हथनी नवागांव | 8 किमी |
| कुदूदंड मंगला मार्ग | 2 किमी |
| झाल-नगपुरा | 17 किमी |
| नेहरू चौक-दर्रीघाट | 11 किमी |
| मोपका-गतौरा | 13 किमी |
| सीपत-बलौदा | 14 किमी |
| दर्री-घूमा-सिलपहरी | 5.5 किमी |
| हिर्री - बिल्हा | 5 किमी |
| चकरभाठा- दगौरी | 14.5 किमी |
| झाल से नगपुरा | 17 किमी |

### बारिश में नहीं बन सकती सड़क

बजट में शामिल सड़कों को स्वीकृति दिलाने के लिए पत्राचार किया जा रहा है, बारिश में सड़क नहीं बन सकती है। स्वीकृति मिलने के बाद भी प्रक्रिया में समय लग सकता है।

\-**सीके पांडेय,**
ईई, पीडब्ल्यूडी

# शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक पानी को लेकर लोग परेशान

**बिलासपुर।** भीषण गर्मी बितने के बाद भी पेयजल की समस्या बरकरार है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में पानी के लिए लोग परेशान हो रहे है। सर्वाधिक समस्या सिरगिट्टी क्षेत्र में है। यहां बार-बार बोर फेल होने के कारण दो से तीन दिनों तक पानी के लिए लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। यहां टैंकरों के भरोष जल आपूर्ति हो रही है। कई दिनों से बोर खराब होने के कारण टैंकर आते ही लोगों की लंबी कतार लग रही है। संख्या अधिक होने के कारण लोगों को एक से दो बाल्टी पानी मिल पा रहा है। ऐसे में पानी के लिए लड़ाई तक हो रही है। सिरगिट्टी के अलावा गणेश नगर और देवरी खुर्द में भी पानी की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। निगम के बोर अब यहां भी खराब होने लगे है। ऐसे में इस क्षेत्र में रहने वालों को भी पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है।



मा. तोखन साहू जी
केन्द्रीय राज्य मंत्री
आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय भारत सरकार
माननीय श्री तोखन साहू जी
को केन्द्रीय राज्यमंत्री बनने पर प्रथम नगर आगमन पर
नंदन वंदन...अभिनंदन...
सेवक साहू
अनिल सूर्या
लोकसभा सहसंयोजक, सोशल मीडिया


## खबर संक्षेप

### युवक पर जानलेवा हमला, अपोलो में भर्ती

**बिलासपुर।** भाई बहन के बीच हो रहे झगड़े में बीच बचाव करने गए युवक पर पड़ोसी ने लोहे की राड से सिर पर जान लेवा हमला कर दिया। घायल युवक को इलाज के लिए अपोलो हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, शनिवार की रात 1 बजे बसंत विहार कालोनी निवासी प्रभा खरे के पड़ोसी पूज्या सिंह ठाकुर व उसके भाई राजा सिंह, अमनदीप सिंह आपस में झगड़ा कर रहे थे। पूज्या सिंह, राजा सिंह ने फोन कर उनके भाई रूपेश खरे को बाहर बुलाया। रूपेश घर से बाहर निकला तो तीनों भाई बहन झगड़ रहे थे। उन्होंने बीच बचाव कर झगड़ा शांत कराने की कोशिश की तो अमनदीप सिंह ने लोहे की राड से सिर पर जान लेवा हमला कर दिया। प्रभा खरे बीच बचाव करने गई तो अमनदीप सिंह बार बार मारने के लिए आ रहा था। उन्होंने गंभीर रूप से घायल भाई रूपेश को इलाज के लिए अपोलो हास्पिटल में भर्ती कराया है। पुलिस ने प्रभा की रिपोर्ट पर हमलावर अमनदीप सिंह के खिलाफ धारा 307, 294, 506 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### मां ने डांटा तो बेटी ने लगा ली फांसी

**बिलासपुर।** लड़के से बात करते देख मां ने बेटी को डांट दिया तो उसने पर पहले ब्लेड से हाथ की नस काट ली।



उसके बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मस्तूरी टीआई अवनीश पासवान ने बताया, दर्रीघाट निवासी रिमन गोमकड़े पिता स्व. नरोत्तम गोमकड़े 17 साल कक्षा 11 वीं की छात्रा थी। शनिवार की शाम वह किसी लड़के साथ बातचीत कर रही थी। इसी दौरान उसकी मां ने देख लिया और लड़के साथ बातचीत करने पर डांट फटकार लगाई। इससे क्षुब्ध होकर रिमन ने अपने कमरे में पहले ब्लेड से हाथ की नस काटकर खुदकुशी करने की कोशिश की। सफल नहीं होने पर उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना पर पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

### छत से नीचे गिरकर दिव्यांग की मौत

**बिलासपुर।** बीती रात छत में सो रहा दिव्यांग युवक नीचे गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई है। मस्तूरी पुलिस के अनुसार, पातालेश्वर कालेज के पास रहने वाला दिव्यांग कुंदन रात्रे पिता बहोरिक रात्रे 23 साल शनिवार की रात अपने घर की छत पर सोया हुआ था। रात करीब 10 बजे वह नींद में नीचे गिर गया। आवाज सुनने के बाद घरवाले बाहर निकले तो वह खून से लथपथ पड़ा हुआ था। घरवाले उसे इलाज के लिए मस्तूरी अस्पताल लेकर गए। जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया है। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

### बिच्छू के डंक मारने से 9 साल की बच्ची की मौत

**बिलासपुर।** बिच्छू के डंक मारने से हरदी बेलपान निवासी 9 वर्ष की बालिका की मौत हो गई। बालिका इन दिनों अपने मामा के घर पर रहकर पढ़ाई कर रही थी, शनिवार को घर के आंगन में खेलने के दौरान बिच्छू ने डंक मार दिया था, सिम्स में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार हरदी बेलपान निवासी साक्षी कौशिक पिता मुकेश कुमार पिछले महीने भर से बरतोरी निवासी अपने मामा के घर पर रहकर आगे की पढ़ाई की तैयारी कर रही थी। शनिवार की शाम 7 बजे घर के आंगन में खेलते हुए उसे बिच्छू ने डंक मार दिया, इसके आधे घंटे के भीतर ही उसकी हालत नाजुक हो गई और परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन उसे रिफर कर दिया गया। उसे रात 10 बजे उसे सिम्स में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा था लेकिन रविवार की सुबह उसकी मौत हो गई।

---

**सिर पर मानसून:** इस बार बारिश तो होगी लेकिन नाले-नालियां जाम होने से लोगों को जल जमाव से जूझना पड़ेगा

# सफाई नहीं होने से नाले-नालियां जाम, डूब न जाए शहर

## कश्यप कालोनी में नाला खोदाई के कारण चलने की जगह नहीं, कीचड़ ने मुश्किलें और बढ़ा दी



कश्यप कालोनी में नाला बनाने का काम लंबे समय से चल रहा है। बीते दिनों हुई बारिश में कीचड़ की वजह ये यहां चलना मुश्किल हो गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पुराना बस स्टैंड से कश्यप कालोनी के गली नंबर तीन की पूरी सड़क को खोद दिया गया है, जिसके चलते मोहल्ले में आने-जाने के लिए रास्ता नहीं रह गया है। वहीं अभी कश्यप कालोनी में 60 मीटर नाला खोदाई का काम बाकी है। निगम कमिश्नर की ओर से इस काम को 20 जून तक पूरा करने की मोहलत दी गई है।

- कश्यप कालोनी गली नंबर तीन की हालत खराब

पुराना बस स्टैंड वार्ड नंबर 33, 34 निराला नगर से कश्यप कालोनी होकर जवाली नाला तक नगर निगम द्वारा नाला निर्माण कराया जा रहा है। बरसात के दिनों में जल भराव और पानी निकासी की समस्या को देखते हुए यहां काफी चौड़ा नाला बनाया जा रहा है, जिसके चलते सड़क को खोदा गया है। इसमें तीन तरफ से नाला बनाने का काम चालू किया गया था, जिसमें भारत होजियारी, कश्यप कालोनी, निराला नगर, मेडिकल काम्पलेक्स, मित्र विहार, इमलीपारा की तरफ से नाला में पानी आता है, इसलिए बीच-बीच में नाला को ब्लाक कर निर्माण किया जा रहा है। कश्यप कालोनी के गली नंबर तीन में पूरी सड़क को खोद दिया गया है, जिससे वहां पर आने-जाने के लिए रास्ता भी नहीं बचा है। सड़क के किनारे नाला खोदाई का मलबा भी पड़ा हुआ है। इससे आने-जाने वाले लोगों सहित आसपास के व्यापारियों को भारी परेशानी हो रही है।

### खर्च हो रहे 7 करोड़ 59 लाख

पुराना बस स्टैंड से जवाली नाला तक नगर निगम द्वारा 15 फीट बड़े नाला का निर्माण किया जा रहा है। 757 मीटर लंबा नाला में लगभग 71 मीटर नाला का निर्माण कार्य बाकी है। कश्यप कालोनी में 6 फीट नाला को 15 फीट चौड़ा और नया बनाया जा रहा है। इसमें लगभग 60 मीटर नाला खोदाई का काम बचा हुआ है। पुराना बस स्टैंड क्षेत्र में कश्यप कालोनी, निराला नगर होते हुए जवाली नाला तक 7 करोड़ 59 लाख रुपए की लागत से 1057 मीटर नाला का निर्माण कराया जा रहा है। यह काम रायपुर के एक ठेकेदार को मिला है और पहले चरण में 757 मीटर नाला का काम पहले पूरा करना है।

### 12 वार्डों से जुड़ा है नाला

बस स्टैंड कश्यप कालोनी में बन रहे नाला शहर के 12 वार्डों से जुड़ा हुआ है। लगभग आधे शहर का पानी पुराना बस स्टैंड के पास नाला से होकर गुजरता है। बरसात के दिनों में पानी निकासी की समस्या होती है, क्योंकि कई जगहों पर जल भराव होता है। इसी जल भराव और पानी निकासी की समस्या को दूर करने के लिए यहां पर नाला का निर्माण कराया जा रहा है। नाला निर्माण में जमीन विवाद को लेकर बीच में काम अटका रहा और कोर्ट से मामला निपटने के बाद यहां नाला का काम चालू हुआ है।

### चल रहा है काम

पुराना बस स्टैंड से कश्यप कालोनी के बीच नाला निर्माण कार्य चल रहा है। अभी कश्यप कालोनी में नाला के लिए गली नंबर तीन में खोदाई की गई है। 500 मीटर से अधिक नाला का काम हो गया है और अभी 60 मीटर नाला खोदाई का काम बचा है, जिसे आगामी चार-पांच दिनों के भीतर पूरा कर लिया जाएगा।

-**एसके मानिक**, ईई, नगर निगम

## कचरा इतना कि एक चौथाई रह गई गोकने नाला की चौड़ाई, बारिश से पहले सफाई भी नहीं



गोकने नाला की सफाई नहीं होने से ये कचरा और कीचड़ से पूरी तरह पट गया है। नाला जाम होने से बारिश का पानी यहां फंसेगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

उसलापुर से होकर सिरगिट्टी और नगपुरा तक जाने वाले गोकने नाले में बिल्डरों सहित 78 मकान मालिकों ने 10 से 15 मीटर हिस्से पर कब्जा कर लिया है। इस वजह से 22 मीटर चौड़ा नाला अब 8 से 10 मीटर में सिमट गया है, इसका खामियाजा बारिश के मौसम में 15 से ज्यादा कॉलोनियों के लोग भुगतते हैं, घरों में पानी भरने से इन कालोनियों में रहने वालों को हलाकान होना पड़ता है।

- नाले के लिए पिछले साल डीएमएफ से मिले 18 लाख रुपए

उसलापुर से लेकर गोकुलधाम और तिफरा तक गोकने नाला में कब्जा है। तेज बारिश के बाद जब नाला में पानी का बहाव आता है, तब पानी को आगे बढ़ने के लिए रास्ता नहीं मिलता और ये कॉलोनियों में घुसता है। पिछले वर्ष भी नेचर सिटी, सागर होम, प्रगति विहार, उसलापुर सहित 15 से 17 कॉलोनियों में पानी भरा तो लोगों ने इसका जमकर विरोध किया, बारिश के बाद निगम की टीम ने गोकने नाले में कब्जे की जांच की और 78 लोगों को नोटिस दिया, लेकिन इसके बाद भी अब तक निगम की टीम बेजा कब्जा नहीं हटा पाई है।

### मॉनिटरिंग में लापरवाही से समस्या बढ़ी

गोकने नाला की वजह से होने वाली समस्या आज की नहीं है। निगम के साथ राजस्व विभाग के अमले ने कभी निगरानी नहीं की और धीरे-धीरे नाले को पाटकर मकान बनते गए। मॉनिटरिंग नहीं होने के कारण यह स्थिति बनी। तिफरा में नए ब्रिज से पहले गोकने नाले का 550 मीटर घुमाव दूर करने के लिए 240 मीटर लंबा नया नाला बना। नाले की पुरानी जमीन निजी जमीन में बदल गई। यह जमीन आज भी पटवारी नक्शे में नाले के तौर पर दर्ज है। नाले के किनारे सड़क भी संकरी हो गई। रसूखदारों के प्रभाव में अफसर इसकी जांच से भी कतरा रहे हैं।

### मूल स्वरूप में लाने 18 लाख रूपए खर्च

पिछले वर्ष निगम ने उसलापुर से लेकर गोकुलधाम की ओर नाले की नाप-जोख कराई तो पता चला था कि 22 मीटर का नाला मात्र 7 मीटर का रह गया है। इस पर 78 लोगों का कब्जा है। नाले को उसके मूल स्वरूप में लाने के लिए डीएमएफ से 18 लाख रुपए की मंजूरी मिली, जिसके बाद नाले में समतलीकरण का काम शुरू कर दिया गया। कुछ दूर तक नाले से मिट्टी खोद उसे किनारे पर रख देने के बाद काम बंद कर दिया गया। न तो नाले से कब्जा हटा न ही नाले की ठीक से सफाई कराई गई। बारिश शुरू हो चुकी है, इसके बाद भी अब तक निगम के अफसर इस सबसे बड़े नाले के सफाई को लेकर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।

### बड़ी मशीन से शुरू कराई जाएगी सफाई

गोकने नाला में कब्जे को लेकर आचार संहिता से पहले एक जांच टीम बनाई गई थी। उसकी रिपोर्ट ली जाएगी। जहां-जहां नाला सकरा है, वहां मेन्यूअल सफाई कराई गई है। नाला बड़ा और चौड़ा होने के कारण इसके लिए बड़े पोकलेन की आवश्यकता थी। जोन -2 को पोकलेन दिया गया है। एक दो दिन में सफाई शुरू हो जाएगी।

- **अमित कुमार**, निगम आयुक्त बिलासपुर।

## 5 रुपए के पुराने नोट के बदले 5 लाख देने का झांसा देकर 2 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

5 रुपए के पुराने नोट के बदले 5 लाख रुपए देने का झांसा देकर एक युवक से 2 लाख रुपए की ठगी कर ली गई। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

चकरभाठा पुलिस के अनुसार, छतौना निवासी रोशन धुरी पिता सावत राम धुरी दगौरी नोवा प्लांट में बिल्डर हेल्पर है। 1 मई शाम उसने इंस्टाग्राम में एक विज्ञापन देखा। जिसमें 5 रुपए के पुराने नोट के बदले 5 लाख 12 हजार रुपए देने की बात लिखी थी। लालच में आकर उसने एड के कमेंट में जाकर अपनी सहमति दी। कुछ देर बाद उसके मोबाइल में अनजान मोबाइल नम्बर से फोन आया। फोन करने वाले ने उससे 5 रुपए के पुराने नोट की फोटो अपने वाट्सएप में मंगाया। फोटो देखकर उसने कंपनी में रजिस्ट्रेशन के लिए 720 रुपए जमा करने कहा। रोशन ने रकम आनलाइन माध्यम से जमा कर दिया। 5 दिन बाद उसे बताया गया कि 5 लाख 12 हजार रुपए लेकर आर्मी का जवान निकल गया है और सरगांव पहुंचने वाला। कुछ देर बाद दूसरे मोबाइल नम्बर से फोन कर परमिशन कोड और अन्य बहानों से रुपए मांगे जाने लगे। रोशन ने आकर अलग अलग किश्तों में 2 लाख 21 हजार 648 रुपए ट्रांसफर कर दिया। उसे आश्वासन दिया गया कि उक्त रकम वापस कर दी जाएगी।

- अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने किया जुर्म दर्ज

उसके बाद फिर 25 हजार रुपए की मांग की गई। उसने रुपए भेजने से इनकार कर दिया, जिससे मोबाइलधारक उल्टा उसे झूठे मामले में फंसा देने की धमकी दे रहा है और अश्लील वीडियो भेजकर जेल भेजने की बात कह रहा है। पुलिस ने उसकी रिपोर्ट पर अज्ञात मोबाइलधारक के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### जागरूकता अभियान के बाद भी फंस रहे लोग

पुलिस अधिकारियों के द्वारा व्यापक स्तर पर चेतना अभियान के तहत शहर व ग्रामीण इलाकों में साइबर फ्राड को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके अलावा सोशल मीडिया के माध्यम से साइबर फ्राड से बेचने के उपाय साझा किए जा रहे हैं। इसके पूर्व में साइबर मितान चलाकर लोगों को जागरूक किया गया था। उसके बाद भी लोग दूर दराज में बैठकर आनलाइन ठगी करने वालों के लालच में आकर पूंजी गंवा रहे हैं।

### दूसरे राज्यों में दी जा रही दबिश

एसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर राजपत्रित अधिकारी आनलाइन ठगी के मामलों की समीक्षा करने के बाद थाने स्तर पर विवेचक व साइबर सेल की टीम बनाकर आरोपियों को पकड़ने के लिए दूसरे राज्यों में भेजा गया है। पुलिस टीम दूसरे राज्यों में कैम्प कर आरोपियों की पतासाजी करने में लगी हुई है। हाल ही में पुलिस टीम को दो आनलाइन ठगी के मामले में आरोपियों को पकड़ने में सफलता मिली है।

## नए लुक में बार की तर्ज पर खुलने लगा देशी आहाता

**बिलासपुर।** शराब दुकानों के सामने से अवैध चखना दुकानों को हटाने के बाद अब अबकारी विभाग ने चखना सेंटर खोलने लाखों रूपए किराए पर टेंडर जारी किया है। शहर की सभी शराब दुकानों के पास अब सरकारी चखना सेंटर चलने वाले हैं।




आबकारी विभाग ने इसे देशी आहाता नाम दिया है। इसे बार की तर्ज पर तैयार किया जा रहा है। बार ही तहर ही ग्लोसी बोर्ड, रंगीन लाईटें और यहां एसी टेबल की सुविधा होगी। इस देशी अहाते में बकायदा मेनू कार्ड भी होगा। इसमें शराब सेवन करने वालों को उनके मनपसंद वेज और नॉनवेज डिश भी मिलने वाली है। वर्तमान में गौरव पथ वसुंधरा नगर के शराब दुकान के पास ये देशी आहाता आकार ले चुका है। इसे किसी बार के तर्ज पर तैयार किया गया है।

## नशे में कार सवार युवक ने सड़क किनारे खड़े बैल को कुचला, अपराध दर्ज

**बिलासपुर।** देर रात नशे में कार सवार युवक ने सड़क किनारे खड़े बैल को टक्कर मारकर कुचलकर भाग गया। हादसे में सांड की मौत हो गई। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सिविल लाइन प्रदीप आर्या ने बताया कि कुदूदण्ड शिव मंदिर चौक निवासी निधि तिवारी पिता ओमप्रकाश तिवारी ने रिपोर्ट लिखाई। 15 जून को रात 2 से 2.30 बजे के बीच मुंगेली नाका में कार क्रमांक सीजी 11 एसी, 0476 के चालक ने नशे में तेज गति से चलाते हुए सड़क किनारे खड़े बैल को टक्कर मार दी और भाग गया। हादसे में बैल की मौत हो गई है। पुलिस ने निधि तिवारी की रिपोर्ट पर धारा 279, 429 के तहत चालक 27 खोली निवासी शशांक पाण्डेय को गिरफ्तार कर मुचलका जमानत में छोड़ दिया है।

## ज्वेलरी शॉप के चोरों का सुराग लगाने पुलिस का छूट रहा पसीना

**बिलासपुर।** तीन दिन पहले दुकान के पीछे चैनल गेट का ताला तोड़कर 9 लाख रुपए के सोने चांदी के जेवर चोरी के मामले में पुलिस के हाथ खाली हैं। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पा रही है। यह इस साल यह सबसे बड़ी चोरी की वारदात है।

- तीन दिन बाद भी चोरों का सुराग नहीं लगा पाई पुलिस

12 जून की रात हिर्री माइंस चौक निवासी पुष्पेंद्र देवांगन रात 8.30 बजे दुकान बंदकर घर के अंदर चले गए। रात में भोजन करने के बाद वे परिवार सहित दुकान से लगे कमरे में सो गए। देर रात चोर दुकान के पीछे चैनल गेट का ताला तोड़कर अंदर घुसे और दुकान के शोकेश में रखा 2 तोला सोना व 10 किलो चांदी के जेवर व गल्ले में रखा 5 हजार रुपए नकद, सीसीटीवी का डीवीआर चोरी कर पीछे के रास्ते से भाग गए थे। एसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर एसीसीयू टीम व चकरभाठा पुलिस चोरों की पतासाजी में जुटी हुई है। सीसीटीवी फुटेज नहीं होने पर पिछले तीन दिन से पुलिस हवा में लाठी पीट रही है। पुलिस ने आसपास जिले में हुई चोरी की जानकारी लेकर समीक्षा कर चोरों का सुराग लगा रही है। तीन दिन की जांच में यह तय नहीं हो पाया है कि चोरी स्थानीय स्तर पर की गई है या फिर पेशेवर चोर गिरोह के द्वारा वारदात को अंजाम दिया गया है।

**प्रायोजित था बलौदा बाजार का आंदोलन, सवालों का जवाब दे भाजपा**

## 6 माह में विफल हो गई भाजपाः बघेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एक दिवसीय प्रवास पर बिलासपुर पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि भाजपा नेताओं की आपसी गुटबाजी की वजह से बलौदाबाजार में इतनी बड़ी घटना हुईं है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि बलौदाबाजार की घटना भाजपा का प्रायोजित आंदोलन था।

बलौदाबाजार का आम आदमी डरा सहमा हुआ है। उनका सरकार से भरोसा उठ गया है। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ प्रश्न है, जिनके जवाब सामने आ जाएं तो सारा मामला साफ हो जाएगा। धरना प्रदर्शन को कलेक्टर से परमिशन दिलाने वाला कौन था? रैली में आने वाले हजारों लोगों के लिए भोजन, मंच, पंडाल, माइक के लिए रुपयों की व्यवस्था किसने की थी। बलौदा बाजार की घटना के जरिए भाजपा समाज को बांटने की कोशिश कर रही है। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री ने तोखन साहू को केंद्रीय मंत्री बनाए जाने पर बीजेपी पर उठाए सवाल। उन्होंने कहा कि जातिगत समीकरण को साधने वरिष्ठ नेताओं को दरकिनार कर केंद्रीय मंत्री बनाया गया है। अमर अग्रवाल, धरम लाल कौशिक जैसे वरिष्ठ नेताओं को साइड लाइन करते हुए अरुण साव को महत्व दिया गया है। श्री बघेल ने यह भी कहा कि मोदी-शाह के पिछले 10 साल के कार्यकाल में भाजपा नेताओं का ही अवमानना हुई है।



बलौदाबाजार हिंसा के संबंध में पत्रकारों से चर्चा करते पूर्व सीएम भूपेश बघेल।

### भड़काऊ भाषण देने वालों पर कार्रवाई क्यों नहीं

पूर्व सीएम ने पूछा कि इतनी बड़ी घटना के बाद भड़काऊ भाषण देने वाले लोगों की गिरफ्तारी क्यों नहीं हुई, नागपुर से 250 से अधिक लोग आए थे वो कौन थे, सरकार ने उन पर नजर क्यों नहीं रखी, भीड़ में लोग लाठी, डंडा लेकर आए थे तो प्रशासन क्या कर रहा था, उनको रोका क्यों नहीं गया, रैली की शुरुआत से ही उपद्रव शुरू हो गया था उसके बावजूद लोगों को कलेक्ट्रेट क्यों जाने दिया गया, भीड़ को रोकने की कोशिश क्यों नहीं हुई। सरकार को इन तमाम बातों का जवाब देने चाहिए। पूर्व सीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री को मंत्रियों के विभागों की समीक्षा के बजाय अपनी पूरी सरकार का आत्म अवलोकन करना चाहिए। छह माह में भाजपा की पूरी सरकार ही विफल साबित हुई है।राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति खराब हो गई है। एसपी, कलेक्टर कार्यालय जला दिया गया। हत्याओं का नया रिकार्ड बन गया।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152